

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 335

ग्वालियर, शनिवार, 29 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## अश्लील बातचीत हेतु महिलाओ के मोबाइल नम्बर सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयोग किये गये सिम सहित 03 मोबाइल कीमती करीब 30 हजार रूपये के जप्त

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

घटना का संक्षिप्त विवरण - आज दिनांक 28/01/2022 को फरियादिया ने थाना कोतवाली पन्ना में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट किया कि कस्बा पन्ना के एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया (फेसबुक) पर मेरा एवं मेरी अन्य परिचित महिलाओ का मोबाइल नम्बर शेयर किया जाकर अश्लील बाते करने हेतु पोस्ट किया गया है। जिसकी वजह से बहुत से अज्ञात नम्बरो द्वारा मुझे और मेरी परिचित महिला मित्रों को अश्लील कॉल आ रहे हैं। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में सोशल मीडिया पर नम्बर शेयर करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध आईटी एक्ट के तहत् अपराध क्रमांक 100/22 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही:** फरियादिया द्वारा पूर्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना में आवेदन दिया गया था। उक्त मामले को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा गंभीरता से लिया जाकर अनु0 अधि0 पुलिस पन्ना श्री बहादुर सिंह बारीबा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरूण कुमार सोनी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को उक्त पुलिस टीम के साथ





मिलकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में पुलिस सायबर सेल टीम द्वारा सोशल मीडिया (फेसबुक) से जानकारी प्राप्त कर थाना कोतवाली पन्ना को उपलब्ध कराई गई। पुलिस सायबर सेल पन्ना से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को मामले में 02 आरोपियों के शामिल होने की जानकारी प्राप्त होने पर प्रकरण के दोनो आरोपियों को मुखबिर सूचना के आधार पर कस्बा पन्ना से गिरफ्तार किया जाकर मामले के संबंध में पूँछताछ की गई जिनके द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार सोशल मीडिया में पोस्ट करने हेतु इस्तेमाल किये गये 03 मोबाइलों को सिम सहित आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया है।

**जप्त सामग्री:** घटना में प्रयोग किये गये 03 मोबाइल सिम सहित कीमती करीब 30 हजार रूपये आरोपियों के कब्जे से जप्त किये गये।

**सराहनीय योगदान:** उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक अरूण कुमार सोनी,उप निरीक्षक सुशील शुक्ला, सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, विक्रम सिंह पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्र.आर. नीरज रैकवार, राहुल सिंह बघेल, आर. आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय एवं थाना कोतवाली पन्ना से प्र.आर. लक्ष्मी नारायण यादव, सतेन्द्र बागरी, शिवस्वरूप तिवारी, आरक्षक बीरेन्द्र कुमार,राजीव, ब्रम्हदत्त, महेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा है। उक्त पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया सर्किल जेल का निरीक्षण

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के सर्किल जेल से है जहाँ कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी का गतदिनों आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की व्यवस्थाओं एवं शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी बंदियों से ली गई। बंदियों द्वारा जेल में पर्याप्त वस्त्र एवं नियमानुसार भोजन प्रदाय करने के संबंध में कोई शिकायत नहीं की गई। मृत बालिका परी की मां श्रीमती उमा भारती एवं उसके पिता शंभूदयाल लोधी तथा अन्य महिला बंदियों से मृत्यु के संबंध में भी जानकारी ली गई। मृतक बंदी महेश पुत्र बद्रीप्रसाद धानुक के संबंध में भी उसकी बैरिक में परिरुद्ध बंदियों से पूछताछ की गई एवं जेल अधीक्षक एवं उप जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## एंबुलेंस को जगह ना देने पर लोडिंग वाहन का कटा 3000 का चालान

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-**खबर शहर के यातायात थाने की है जहाँ आज दोपहर पोहरी बस स्टैंड के सामने एक लोडिंग वाहन क्र93छ्ज्ञ 5592 सड़क पर खड़ा हुआ था पीछे से एंबुलेंस आ रही थी एंबुलेंस के कई बार सायरन देने के बावजूद भी यह लोडिंग वाहन नहीं हटा रहा था वहां पर उपस्थित लोगों द्वारा भी इसे समझाने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं मानी और बहस करने लगा जिसके बाद यातायात पुलिस इसे पकड़ कर थाना यातायात लाई और ?3000 का जुर्माना किया। औऱ आज के बाद कभी भी एम्बुलेंस का रास्ता न रोकने की नसीहत भी दी। यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने बताया कि सभी लोगो सड़क पर चलते समय नियमो का पालन करना चाहिए और एम्बुलेंस या अग्निशामक वाहनों का तुरन्त रास्ता देना चाहिए यह वाहन लोगो की सुरक्षा के लिए कार्य करती है सभी इस का सम्मान करें।

### एनसीसी कैडेट को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा

## राष्ट्रभक्ति से कोई भक्ति बड़ी नहीं हो सकती

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नेशनल कैडेट कॉर्प्स रैली को करिअप्पा ग्राउंड में संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इनदिनों देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।जब एक युवा देश, इस तरह के किसी ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनता है, तब उसके उत्सव में एक अलग ही उत्साह दिखता है। यही उत्साह मैं अभी करियप्पा ग्राउंड में देख रहा हूं।मोदी ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भी कभी आपकी तरह ही एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूँ। मुझे एनसीसी में जो ट्रेनिंग मिली, जो जानने सीखने को मिला, आज देश के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों के निर्वहन में मुझे उससे असीम ताकत मिलती है। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रभक्ति से कोई भक्ति बड़ी नहीं हो सकती।



प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे देश मजबूत दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है, हम एनसीसी को और सशक्त बनाने के लिए भी कदम उठा रहे हैं। एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति का गठन किया है। पिछले 2 वर्षों में, हमने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में 1 लाख नए कैडेट विकसित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश भर के 90 विश्वविद्यालयों ने एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना है। यहां गर्ल कैडेट्स की संख्या दर्शाती है कि भारत के विचार बदल रहे हैं।अब देश की बेटियाँ सैनिक स्कूलों में एडेमिशन ले रही हैं। सेना में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारियाँ मिल रही हैं। एयरफोर्स में देश की बेटियाँ फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं।इसके बाद हमारा प्रयास होना चाहिए कि एनसीसी में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियाँ शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया भारत को इतनी आशा और आकांक्षाओं से देख रही है, भारत अपने प्रयासों में कमजोर नहीं हो सकता।आज, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हैं,हमारे युवा यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि हम अपनी गति को जारी रखें। उन्होंने कहा कि भारत के युवा स्टार्ट-अप के मामले में देश को दुनिया के टॉप-3 में ले गए हैं।

### पगड़ी-काला चश्मा अलग अंदाज में दिखे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को नैशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी का लुक चर्चा की वजह बन गया।इसमें पीएम मोदी ने सिख लुक वाली गहरे हरे रंग की पगड़ी पहनी हुई है। इसके अलावा उन्होंने काले रंग का चश्मा लगाया हुआ था।बता दें कि पीएम मोदी खुद एनसीसी के कैडेट रहे हैं। इसके पहले कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण और मार्च पास्ट की समीक्षा की। कार्यक्रम दिल्ली में मौजूद करियप्पा परेड ग्राउंड में हो रहा है।एनसीसी की रैली हर साल 28 जनवरी को आयोजित होती है। इस दिन एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का समापन समारोह होता है।

## स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय से तय करेंगे पंजाब में कांग्रेस का सीएम फेस : राहुल



**नई दिल्ली।** पंजाब में कांग्रेस जल्दी ही अपने सीएम चेहरे का ऐलान करेगी। पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू दोनों ने ही सीएम फेस के रूप में अपनी-अपनी दावेदारी ठोक दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पंजाब में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पंजाब विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के चेहरे के साथ उतरेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ परामर्श के बाद जल्दी ही इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा ये सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं है। ये एक विचारधारा है। ये वो विचारधारा है जिसने अंग्रेजों को हराकर इस देश को बनाया है। इस विचारधारा में हम सब एक हैं। कहा जाता है कि पंजाब पांच नदियों का राज्य है। मगर अगर आप उसे गहराई से देखें तो पांच नदियां एक नदी से आती है। फिर वो पांच नदियां समुद्र में मिल जाती है। आज मैं सोच रहा था और फिर नोटिस किया कि पंजाब शब्द के अंदर हमारा चिन्ह %पंजा% भी है। राहुल ने कहा अगर कांग्रेस पार्टी चाहती है, अगर कार्यकर्ता चाहते हैं और अगर पंजाब चाहता है तो फिर हम मुख्यमंत्री का निर्णय आपके लिए लेंगे। उन्होंने कहा हम अपने कार्यकर्ताओं से सलाह मशविरा करने के बाद यह फैसला करेंगे। बाकी (नेता) एक टीम के तौर पर काम करेंगे। जो सही व्यक्ति होगा वह पंजाब को आगे ले जाएगा। दूसरा व्यक्ति और सब लोग मिलकर एक टीम जैसे लड़ाई लड़ेंगे। पिछले कुछ हफ्तों में, चन्नी और सिद्धू दोनों ने पार्टी से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने की इच्छा का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दिया है। अपने भाषण में सिद्धू ने कहा कि लोग स्पष्टता चाहते हैं कि एजेंडा और रोडमैप को कौन लागू करेगा। चन्नी ने बाद में कहा वह कभी किसी पद के पीछे नहीं भागे हैं। सीएम फेस के रूप में जिनके नाम की घोषणा की जाएगी, वह पूरे दिल से उसका समर्थन करेंगे।

## उत्तराखंड में भाजपा सरकार बनी तो रोकेंगे राज्य से युवाओं का पलायन : शाह



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को रुद्रप्रयाग पहुंचे। रुद्रप्रयाग पहुंचने पर अमित शाह ने सबसे पहले बाबा रुद्रनाथ मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने डोर टू डोर कैंपेन की। पार्टी, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने उत्तराखंड को वीरों की भूमि बताया। अमित शाह ने कहा मैं पांच साल पहले जब उत्तराखंड आया था, तब मैंने देवभूमि की जनता से कहा था कि अगर हमें पूर्ण बहुमत की सरकार वीरभूमि की जनता देती है, तो हमारा वादा है कि जो काम 70 साल में नहीं हुए वे हम पांच साल में करके दिखाएंगे। शाह ने कहा भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में सेना और सेना के जवान हैं। नरेन्द्र मोदी ने इसे भाषणों में नहीं, सरकार की योजनाओं में चरितार्थ किया है। अपने संबोधन में अमित शाह ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को भी याद किया। उन्होंने कहा मैं जब जनरल बिपिन रावत को अंतिम श्रद्धांजलि देने गया तो उनके घर में वीरता और हौसले का माहौल देखकर हैरान था। दुख सबको होता है, लेकिन किसी के मन में किसी भी तरह की ग्लानि नहीं थी। सबके मन में यही भाव था कि जनरल साहब देश के लिए काम करते-करते शहीद हुए हैं। उन्होंने कहा वर्षों तक उत्तराखंड के लोगों ने राज्य की रचना के लिए संघर्ष किया। कांग्रेस के दमन को सहा। आज रामपुर तिराहे की घटना को कोई भुला नहीं सकता, उत्तराखंड के नौजवान अपने अधिकार के लिए लड़ते हुए शहीद हुए थे। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आई तब उन्होंने उत्तराखंड की रचना की। गृहमंत्री शाह ने कहा उत्तराखंड में पूरे देश और दुनिया की श्रद्धा के केंद्र चारधाम हैं।

## देश में तेजी से घट रहे हैं कोरोना के सक्रिय मामले एक दिन में करीब 96 हजार मरीज हुए कम

**नई दिल्ली।** लगातार चौथे दिन ठीक होने वालों की संख्या नए मामलों से ज्यादा रही। इसके साथ सक्रिय मामलों में तेजी से कमी आ रही है। 24 घंटों में 96 हजार से अधिक सक्रिय मामले कम हुए हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि तीसरी लहर उतार पर है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में 2,51,209 लोगों के कोरोना से संक्रमित होने से कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,06,22,709 हो गई है। इस दौरान 627 और लोगों की मौत से कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,92,327 हो गई है। वहीं सक्रिय मामले 96,861 घटकर 21,05,611 रह गए। इसके साथ ही ठीक होने की दर 93.60 प्रतिशत हो गई है। दैनिक पाजिटिविटी दर 15.88 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर 17.47 प्रतिशत रही।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 3,80,24,771 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत दर्ज की गई। इस बीच, देश में अब तक कोरोनारोधी वैक्सीन की 164.44 करोड़ डोज लगाई जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार राज्यों के पास अभी भी 13 करोड़ से अधिक अप्रयुक्त डोज उपलब्ध हैं। मंत्रालय के अनुसार 24 घंटों में कोरोना के 15,82,307 टेस्ट किए गए। देश में अब तक 72.37 करोड़ से अधिक टेस्ट किए जा चुके हैं।

### 6 साल की बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले को सुनाई मौत की सजा

**अररिया।** बिहार के अररिया जिला की एक विशेष 'पॉक्सो' अदालत ने छह साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को मृत्यदंड की सजा सुनाई है। विशेष 'पॉक्सो' न्यायाधीश शशिकांत राय ने 48 वर्षीय मोहम्मद मेजर को इस जघन्य अपराध में दोषी ठहराए जाने के दो दिन बाद शुक्रवार को यह आदेश पारित किया। बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के एक दिन बाद पीड़िता की मां ने पिछले साल 2 दिसंबर को जिले के भरगामा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## भगवंत मान बहुत ईमानदार, उन्होंने किसी से चवन्नी तक नहीं ली : केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब को एक ईमानदार मुख्यमंत्री की जरूरत है। पंजाब में आप के सीएम दावेदार भगवंत मान बहुत ईमानदार हैं,जिन्होंने किसी से 25 पैसे तक नहीं लिए। पंजाब में अगले महीने विधानसभा की कड़ी लड़ाई होने वाली है और आप सत्तारूढ़ कांग्रेस शासन के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक है। आप ने भगवंत मान को अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।



केजरीवाल ने कहा, पंजाब भर में, आप ने ईमानदार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, ताकि एक ईमानदार राज्य सरकार बने। हमारे सीएम कैंडिडेट ने किसी से 25 पैसे तक नहीं लिए, मान बहुत ईमानदार है। कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और अन्य दलों के नेताओं पर निशाना साधकर केजरीवाल ने कहा कि मान सात साल से सांसद हैं, लेकिन फिर भी किराए के घर में रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति पंजाब में विधायक बनता है,तब वह बड़ी कारों और घरों का अधिग्रहण कर सकता है। लेकिन मान सांसद होने के बावजूद अभी भी किराए के घर में रहते हैं।केजरीवाल ने कहा कि जहां एक तरफ राजनेताओं पर ड्रग्स की बिक्री या अवैध रेत खनन के आरोप हैं, वहीं कुछ हैं, जिन्होंने दूसरों से एक पाई भी नहीं ली है।

## खास खबर

### स्वर्गीय रामबाबू तिवारी के निवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।





**ग्वालियर।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज के गौरव पंडित गजेंद्र तिवारी जी के ग्रह निवास स्थान ग्राम दुबहा टांका तहसील चिनौर निवास पर पहुंचकर गजेंद्र तिवारी जी के पूजनीय पिताजी ब्रह्मलीन रामबाबू तिवारी जी को भाजपा नेता दीपक शर्मा, श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं सचिव गौरवशाली सामाजिक संस्था के वासुदेव मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद मनोज तोमर, रोहित शर्मा, यीशु शर्मा ने श्रद्धांजलि देकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

### स्वतंत्रता संग्राम शहीदों की स्मृति में मौनधारण 30 जनवरी को

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में मौनधारण होगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 30 जनवरी को सुबह 11 बजे सभी कार्य और गतिविधियां रोककर 2 मिनट का मौनधारण करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस दिन को व्यापक रूप से आम नागरिकों की सहभागिता से मनाए जाने के लिए भी कहा गया है। दो मिनट का मौन शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना व्यावहारिक होने पर सायरन बजाकर दी जाएगी। शहीद दिवस को संपूर्ण गरिमा और उचित गंभीरता के साथ मनाया जाना चाहिए। कठिनाई से प्राप्त की गई स्वतंत्रता की सुरक्षा, संरक्षण तथा समृद्धि के प्रति सजग रहना प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य और नैतिक उत्तरदायित्व है।

### फांसी के फंदे से लटका मिला येदियुरप्पा की पोती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की पोती का शव उनके बेंगलुरू स्थित घर में फांसी के फंदे में लटका मिला है। बीएस येदियुरप्पा के कार्यालय ने बताया कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की पोती सौंदर्या का शव बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट में लटका हुआ पाया गया है। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बॉरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। इस मामले में फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है। पुलिस भी इस मामले में कुछ बताने से बच रही है। पुलिस ने अब तक यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर हत्या का।

### देवोलीना भट्टाचार्जी को अपनी सर्जरी करने अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** देवोलीना भट्टाचार्जी हफ्ते की शुरुआत में हुए डबल एविक्शन के बाद 'बिग बॉस 15' से बाहर हो चुकी हैं।अब उनकी परेशानियां शो से निकलते ही बढ़ी हैं।दरअसल, देवोलीना भट्टाचार्जी को अपनी सर्जरी करानी होगी। इसके लिए वहां अस्पताल में भर्ती हुई हैं।अच्छी बात ये है कि इससे देवोलीना का हौसला नहीं टूटा है।वहां तस्वीरों में भी मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं।देवोलीना की दोस्त लक्ष्मी ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा है, 'मैंने फाइटर गर्ल देवोलीना से मुलाकात की और उसे सर्जरी के लिए प्यार और शक्ति की कामना करती हूं। मैं देवो से बहुत प्यार करती हूं और तुम्हें मुस्कुराता देखकर मैं बहुत खुश हूं।आपको बता दें कि देवोलीना भट्टाचार्जी 'बिग बॉस 15 के दौरान एक टास्क के दौरान बुरी तरह घायल हुईं थी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### एशियाई खेलों में मुकाबला आसान नहीं: सविता

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा है कि उनकी टीम को अगर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए टिकट हासिल करना है तो उसे हर हाल में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना होगा। सविता ने कहा कि इसके लिए टीम को अपनी तैयारियां तेज करनी होंगी क्योंकि एशियाई खेलों में भी मुकाबला आसान नहीं है। इसमें सभी अन्य टीमें भी अपनी ओर से पूरी तैयारी से आयेंगी। उन्होंने कहा ,'' ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद पूरी दुनिया ने हमारा मनोबल बढ़ाया है पर पदक के इतने करीब पहुंचकर खाली हाथ लौटने का दर्द खिलाड़ी ही समझ सकते हैं । हम हमें अगले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन कर इस कमी को पूरा करना है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी हमारा मुख्य ध्यान एशिया कप पर रहेगा जो विश्व कप क्वालीफायर भी है ।उसके बाद विश्व कप और एशियाई खेल हैं।'' गौरतलब है कि भारतीय महिला टीम ने अंतिम बार साल 1982 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सविता ने कहा कि उनकी टीम इस बार स्वर्ण जीतने के इरादे से ही उतरेगी।'' साथ ही कहा कि टीम इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी।

### लैंगर और थॉम्पसन हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबोर्न** ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और महिला टीम की पूर्व कप्तान रायली थॉम्पसन को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा, %ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम कमेटी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के आठ सदस्य पैनल ने पूर्व क्रिकेटर लैंगर और रायली को 58 वें और 59 वें हॉल ऑफ फेम के रुप में चयनित किया है।% ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम की स्थापना 1996 में की गयी थी। लैंगर ने बल्लेबाज के तौर पर अपने कैरियर में 105 टेस्ट मैचों में 45.27 के औसत से 7,696 रन बनाए थे। वहीं थॉम्पसन ने 1972 1985 के बीच 16 टेस्ट और 23 एकदिवसीय मैच खेलने के साथ ही चार बार टीम की कप्तानी की थी। सीए के सीईओ निक हॉकले ने कहा, जस्टिन और रायली इस सम्मान के योग्य हैं। खेल के इन दिग्गजों की अपार उपलब्धियों और योगदान को स्वीकार करना और उनका जश्न मनाना सुखद अहसास है।

### भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान चरणजीत सिंह का निधन

**ऊना** । भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान चरणजीत सिंह का निधन हो गया है। वह 92 साल के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने अपने घर पर ही सुबह पांच बजे अंतिम सांसें लीं। वह 1964 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे थे। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने साल 1964 में टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उनके निधन पर खेल जगत ने दुख व्यक्त किया है। साल 1950 में उन्हें भारतीय हॉकी टीम में शामिल किया गया था।

# मनप्रीत की कप्तानी में एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में उतरेगी भारतीय टीम

### जुगराज और अभिषेक पहली बार शामिल

**नई दिल्ली** । मनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीका में मेजबान टीम और फ्रांस के खिलाफ होने वाले एफआईएच (प्रो) पेशेवर लीग मुकाबलों में उतरेगी। हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय इस सीनियर पुरुष हॉकी टीम में दो नये खिलाड़ियों जुगराज सिंह और अभिषेक को भी शामिल किया है। एफआईएच प्रो लीग मुकाबले दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में 8 से 13 फरवरी के बीच होंगे। इन मुकाबलों में जहां मनप्रीत कप्तानी करेंगे, वहीं हरमनप्रीत सिंह उपकप्तानी संभालेंगे। भारतीय टीम चार फरवरी को बेंगलुरू से दक्षिण अफ्रीका की ओर रवाना होगी। टीम को 8 फरवरी को पहले मैच में फ्रांस से खेलना है जबकि इसके बाद उसका मुकाबला मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम से होंगा। टीम 12 फरवरी को एक बार फिर फ्रांस का सामना करेगी जबकि अगले दिन मेजबान टीम का सामना करेगा। ये सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे से खेले जाएंगे। टीम में युवा ड्रैग फ्लिकर जुगराज और फारवर्ड अभिषेक को पहली बार अवसर दिया गया है। जुगराज ने अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि आगामी वर्ष बेहद व्यस्त और अहम है और उसे देखते हुए भारतीय टीम विश्व मंच पर वापसी और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के ताजा सत्र में हिस्सा लेने को लेकर उत्साहित है।



### टीम इस प्रकरर है

डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुरेंदर कुमार, वरूण कुमार, जरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह।

मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह, निलाकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, शमशेर सिंह और विवेक सागर प्रसाद।

स्ट्राइकर : मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक।

# तेज गेंदबाजों को आराम दिये जाने के खिलाफ हैं ब्रेट ली

**मस्कट** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने तेज गेंदबाजों को आराम देने के नियम की आलोचना की है। ब्रेट ली के अनुसार कार्यभार प्रबंधन की यह नीति सही नहीं है पर आजकल अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में व्यस्तता के नाम पर इसका चलन सा बन गया है। खिलाड़ियों को कोविड-19 महामारी के कारण 'बायो-बबल% में भी रहना पड़ रहा है इस कारण भी तनाव के हालातों को देखते हुए उन्हें आराम दिया जा रहा है। ली ने यहां लीजेंड्स क्रिकेट लीग में खेलने आये हैं। उनका कहना है कि मैं प्रकार आराम दिये जाने के खिलाफ हूं। मुझे गेंदबाजों को आराम देना बिलकुल भी पसंद नहीं है, मैं चाहता हूं कि गेंदबाज हर मैच खेलें। एक तेज गेंदबाज को सिर्फ तभी आराम दिया जाना चाहिए, जब उसे कोई चोट हो बाकि समय मैं तेज गेंदबाजों को कड़ी मेहनत करते और हर समय खेलते हुए देखना चाहता हूं। कार्यभार प्रबंधन की इसी नीति के कारण प्रमुख गेंदबाज मैच से बाहर रहते हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेले जिससे भारतीय टीम की गेंदबाजी प्रभावित हुई। वहीं शमी के अलावा मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी



घरेलू श्रृंखला के लिए भी आराम दिया है। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होने हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत को टेस्ट में मिली हार के बारे में बात करते हुए ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह उम्मीद के विपरीत रहा। उन्होंने कहा कि देखिए, कभी कभार ऐसा होता है। साथ ही कहा कि भारतीय टीम में इस समय चार-पांच खिलाड़ी ऐसे हैं।

# मेगा नीलामी से पहले चेन्नई पहुंचे धोनी

**चेन्नई** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के लिए होने वाली मेगा नीलामी से पहले चेन्नई पहुंच गये हैं। माना जा रहा है कि धोनी अगले माह होने वाली नीलामी के लिए टीम की रणनीति बनायेंगे। सीएसके ने इस 15वें सत्र के लिए धोनी के अलावा रविंद्र जडेजा, रुतुराज गायकवाड़ और मोइन अली सहित चार खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। जडेजा को 16 करोड़ रुपये में बरकरार रखा है जबकि धोनी को 12 करोड़ रुपये ही मिलेंगे। वहीं



मोइन को 8 करोड़ रुपये जबकि गायकवाड़ को 6 करोड़ रुपये में टीम के साथ बनाये रखा है। गौरतलब है कि सीएसके के पास एक अच्छी टीम बनाने के लिए मेगा नीलामी में 58 करोड़ रुपये रहेंगे। धोनी ने पिछले सत्र में आईपीएल नीलामी को लेकर कहा था कि उसे एक ऐसी टीम बनानी है जो कम से कम अगले 5-10 साल तक खेले। उन्होंने कहा था, यह मेरे बारे में सीएसके के लिए खेलने के बारे में नहीं है, यह सीएसके के लिए सबसे अच्छा है कि कौन उसके लिए लंबे समय तक खेल सकता है।

### कच्चा तेल सात साल में पहली बार 90 डॉलर पार

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक बाजार में कच्चा तेल सात साल के बाद पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। क्रूड ऑयल की कीमत अक्टूबर 2014 के बाद सबसे ज्यादा है। इसके बावजूद घरेलू बाजार में पिछले 86 दिनों से पेट्रोल-डीजल की कीमत में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। कंप?नियों का कहना है कि पांच राज्यों में अभी विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। ऐसे में जब तक चुनाव समाप्त नहीं हो जाते, पेट्रोल-डीजल के भाव में बदलाव की संभावना नहीं है। मार्च तक चुनाव का दौर चलता रहेगा। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल का भाव बढ़ने के दो प्रमुख कारण हैं। यूक्रेन को लेकर एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ वेस्टर्न देश हैं। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर बड़ी संख्या में अपने सैनिकों को लगा दिया है। अमेरिका इसका विरोध कर रहा है। उसका कहना है कि अगर रूस किसी तरह की कार्रवाई करता है तो उसके खिलाफ सैंक्शन लगाए जाएंगे।






# खुलेआम सेल्समेन व सहायक सचिव कर रहे खाद्यान्न की कर रहे कालाबाजारी, गरीबों के हक पर डाल रहे डांका

## अटेर क्षेत्र की ग्राम छूंछरी में तीन माह की जगह दो माह का हो रहा शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन, ग्रामीणों ने किया विरोध

भिण्ड। अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत विंडवा, जनपद पंचायत भिण्ड के ग्राम छूंछरी से गरीब उपभोक्ताओं को विगत एक वर्ष से राशन वितरण नहीं हो रहा है और लगातार बाजार में ब्लैक किया जा रहा है इस तरह का मामला निकलकर सामने आया है जहां एक रिपोर्टर ने जब मामले की हकीकत जानने के लिए गांव में जाकर ग्रामीणों से चर्चा की तो उन्होने बताया कि गांव में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सहायक सचिव व सेल्समेन द्वारा शासन के नियमों को ठेंगा दिखाकर प्रतिमाह खाद्यान्न कम वितरण नहीं किया जा रहा है प्रत्येक परिवार के राशन कार्ड से 5 किलो राशन कम तौल की जा रही है यह खेल आज से नहीं लगातार एक वर्ष से गरीबों का पेट काटकर खुलेआम हेराफेरी कर सरकारी राशन को बाजार में विक्रय किया जा रहा है और ग्रामीणों से बोल दिया जाता है कि इस माह का राशन ऊपर से पूरा नहीं आया है इसलिए अगले माह वितरण किया जा रहा है इस तरह से लगातार एक वर्ष से सेल्समेन व सचिव मिलकर टालमटोली कर रहे है और बाजार में विक्रय कर जेबे भरने में लगे हुए हैं। तो उधर प्रधानमंत्री गरीब योजना के तहत कार्डधारियों को अतिरिक्त खाद्यान्न दिया जा रहा है। जिससे कार्डधारियों को मिलने वाले खाद्यान्न के साथ उन्हें अतिरिक्त दोगुना खाद्यान्न मिल सके, लेकिन जिले में सेवा सहकारी समितियों व उपभोक्ता भंडारों द्वारा गरीब परिवारों को यह लाभ नहीं पहुंचाया जा रहा है। बल्कि यह खाद्यान्न मंडियों में खुलेआम बेचा जा रहा है। दअसल शासन ने कोविड के चलते कार्डधारियों को खाद्यान्न निशुल्क वितरण के आदेश दिए हैं।



### पर्ची पर पूरा वितरण, लेकिन थैले में कम

ग्रामीणों ने बताया कि उनके राशन कार्ड के अनुसार पर्ची पर हर माह राशन पूरा अंकित कर दिया जाता है लेकिन बजन मुताबिक कभी वितरण नहीं किया गया है, हर राशन कार्ड पर 5 केजी से 6 किलो तक बजन कम निकल रहा है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो सेल्समेन व सचिव ने कहा कि ऊपर से ही कम आया है इसलिए कम दिया गया है और जो मिलता है उसका बजन भी ऊपर-नीचे होता है, इसके साथ ही गांव में आज तक मिट्टी का तेल तो वितरण किया ही नहीं गया है जिसकी भी काला बाजारी की गई है।

### 3 माह का निशुल्क राशन होना था वितरण, लेकिन एक माह का बांटा गया

कोरोना काल के दौरान सरकार ने तीन माह का राशन वितरण करने के लिए सभी सेल्समेन को निर्देश दिये है लेकिन ग्राम छूंछरी में खुलेआम धांधली की जा रही है और गांव में इस समय दो माह का राशन गरीबों को वितरण किया जा रहा है और एक माह का राशन सभी उपभोक्ताओं का बाजार में खुलेआम रातों रात विक्रय कर दिया जा रहा है। इस पर जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो सेल्समेन ग्रामीणों से बोले बाजार वालों को तीन और गांव वालों को दो माह का राशन ही वितरण किया जा रहा है। इस गांव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है इसलिए पूरे मामले की जांच होना लाजमी है।

### जांच हो तो बड़े स्तर पर पकड़ी जाएगी धांधली

जिले में खाद्यान्न का आवंटन सेवा सहकारी समितियों व भंडारों को दिया गया। जिसमें अगर ठीक से जांच की जाए तो लगभग 50 फीसदी ऐसी सोसायटी, उपभोक्ता भंडार सामने आएंगे। जहां हितग्राहियों को आधा ही राशन आवंटित किया गया है। जबकि उन्हें प्रधानमंत्री गरीब योजना का रेगुलर दिनों का खाद्यान्न आवंटन किया गया है।

### भंडारों पर तौल में करते हैं गडबडी

शासन द्वारा गरीबों को मिलने वाले खाद्यान्न में कम तौल मिलने से गरीब तबके के लोग समस्या से जूझ रहे हैं। उपभोक्ता को 25 किलो में से 22 किलो अनाज ही मिल पाता है। 3 किलो कम तौल कर दी जाती है। सूत्र बताते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक कांटों में सेट कर दिया जाता है। जब प्राइवेट दुकान पर खाद्यान्न की तौल करवाते हैं तो 2 किलो से 3 किलो तक खाद्यान्न कम मिलता है। अगर वह खाद्यान्न कम देने की बात सेल्समैन से करता है तो उसके साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार कर भगा दिया जाता है।

### खाद्यान्न की कालाबाजारीए अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

शासकीय उचित मूल्य की दुकान से भंडार में खाद्यान्न की कालाबाजारी की जा रही है। यहां पर ट्रकों के ट्रक खाद्यान्न लोडिंग अनलोडिंग कर ऊंचे दामों पर मार्केट में पिकअप वाहनों के द्वारा रातों-रात सप्लाई किया जाता है। करीब एक साल से यह खेल चल रहा है। वहीं अधिकारियों द्वारा छापामार कार्रवाई नहीं होने से संचालकों को किसी प्रकार का डर नहीं है। खाद्य विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### यह हैं इनके जिम्मेदार, प्रशासनिक अधिकारी

जिले में खाद्यान्न को लेकर लंबे समय से कालाबाजारी की जा रही है। गरीब तबके के लोगों को मिलने वाले राशन को नहीं बांट कर बाजार में बेच दिया जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में वितरण होने वाले राशन को पूरा नहीं बांटा जाता है। जिससे ग्रामीण इस समस्या से जूझ

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने एमजेएस के सामने बनाये जा रहे नाले का किया निरीक्षण



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने एमजेएस कॉलेज के पास से बटालियन के पीछे से होकर जा रहे बडे नाले का निरीक्षण कर नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारियों को नाले की सफाई कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाले को ठीक प्रकार से साफकरने के साथ ही नाले पर यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण हो तो उसे तत्काल हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान नगर पालिका भिण्ड के सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध शराब की बिक्री करते हुए एक युवक गिरफ्तार

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के नवीन गल्ला मंडी गेट के पास एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्ती की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम 11.20 बजे आकाश उर्फ शेरुसिंह सिकरवार पुत्र सुरेन्द्रसिंह सिकरवार निवासी ग्राम चंदूपुरा भारौली जो क्षेत्र के नवीन गल्ला मंडी गेट के पास शराब की बिक्री करते हुए दबोच लिया, जिसके पास से 21 क्वार्टर शराब, कीमत 1900 रुपये की जप्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### एक युवक के साथ दो लोगों ने की मारपीट

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम अरेले का पुरा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास एक युवक के साथ दो लोगों ने मिलकर मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम 6 बजे सचिन पुत्र कोकसिंह नरवरिया निवासी ग्राम अरेले का पुरा के साथ उसी गांव निवासी रामनिवास नरवरिया, हरेन्द्र नरवरिया ने मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्वालियर रोड पर स्थित बरहद पेडा के पास सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग डायरी पर से अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विगत 23 दिसम्बर शाम 6.30 बजे वीरेन्द्र पुत्र सुखराम जाटव निवासी भीम नगर कुम्हरौआ ने बताया उसका पुत्र शिवम उम्र 19 वर्ष क्षेत्र के ग्वालियर रोड बरहद पेडा के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान शिवम ने गुरुवार शाम को दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग डायरी पर से अपराध दर्ज कर लिया है।

### चार दिन से कोबरा की फुंकार से दहशत में था परिवार, फोरेस्ट कर्मी ने पकडा

भिण्ड। जिले के अटेर जनपद के ग्राम मिश्रन का पुरा में एक घर में पिछ्ले चार दिन से ब्लैक कोबरा सांप आकर छिप गया। जिस कमरे में सांप छिपकर बैठा था उसकी फुंकार से दहशत में पूरा परिवार था। चार दिन परिवार के सदस्यों ने रात-दिन सांप की निगरानी की, इसके बाद फॉरेस्ट कर्मी द्वारा सांप को पकडा, तब राहत की सांस ली। मिश्रन का पुरा में रहने वाले प्रभाकर पुरोहित के घर चार दिन पहले घर के एक कमरे में ब्लैक कोबरा सांप आकर बैठ गया। जब कोई उस कमरे में जाता तो वो फुंकार मारकर डरा देता था। ऐसे में परिवार का हर सदस्य सांप की दहशत में आ गया। कमरे में अंधेरा में बैठा सांप की वजह से कोई अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा थ। परिवार के सदस्यों ने फॉरेस्ट विभाग को सूचना दी। इस पर पहले तो विभागीय अफसरों ने आनाकानी की और अजगर पक?ने के लिए ट्रेंड होना बताया। इसके बाद विभाग का कर्मचारी जयकरण परिहार ब्लैक कोबरा पकडने के लिए तैयार हो गया। उसको भी करीब दस मिनट तक सांप पकडने के लिए मशक्कत करनी पडी। सांप को पकडकर प्लास्टिक की बोरी में डालकर बीहड में छोड़ा गया।

# श्रीमतीभगवंती बाई शिक्षा प्रसार समिति भिंड द्वारा मलेरिया मुक्त एक दिवसीय महाअभियान चलाया गया






### वार्ड क्र.23, 26 और 35,11 में गंदे पानी से पनपने वाला लार्वा किया गया नष्ट

भिण्ड। शहर के वार्ड क्र.23,26 में श्रीमती भगवंती बाई शिक्षा प्रसार समिति भिंड द्वारा बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डीके शर्मा के निर्देशन में मलेरिया मुक्त एक दिवसीय महाअभियान चलाया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड की 40 प्रशिक्षण प्राप्त कर रही आशाओ ने भाग लिया। जिसमे उक्त वार्ड के 140 घरों का लार्वा सर्वे किया गया। साथ ही 20 घरों के पानी से भरे कंटेनरो को खाली करवाया गया।संस्था द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष डेंगू के केस में वृदी हुई है। उन्होंने इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस बार बारिश अधिक होने के कारण जगह-जगह जल का जमाओ अधिक हुआ है जिससे मच्छरो के लार्वा की उत्पत्ति स्वभाविक है। डेंगू/मलेरिया का लार्वा रुके व साफपानी में ही पनपता है इस हेतु घर के आस पास गडडो, टायर, कूलर मे पानी अधिक समय तक जमा न होने दे। इसके लिए जनसमुदाय को आगे आने के लिए प्रेरित उनके साथ समन्वय और नेटवर्किंग को मजबूत करके ही किया जा सकता है। निरंतर प्रयास करते रहने से कार्यक्रम का स्तर बढ़ाकर डेंगू,मलेरिया पर नियन्त्रण पाया जा सकता है।

### एक दिवसीय मलेरिया जन जागरुकता चलाया गया महा अभियान

महिला बाल विकास समिति के अध्यक्ष शिवभान राठौर द्वारा वाहन पर माइकिंग के माध्यम से चलाया गया, एक दिवसीय मलेरिया जन जागरूकता महाअभियान। बुधवार को भिंड जिला में महिला बाल विकास समिति द्वारा शहरी भिंड क्षेत्र में वाहन पर माइकिंग कर मलेरिया महाअभियान में भाग लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.डीके शर्मा के निर्देशन में किया गया। लोगों को लारवा के बारे में जागरूक किया गया, लोगों को बताया गया घर एवं घर के आसपास पानी जमा न होने दें घर में रखें पानी के वर्तनों को पूर्ण रूप से ढक कर रखें, जिससे मच्छर न पनपने पाएं, यदि पानी में छोटे-छोटे कीड़े दिखाई दे तो वही वही मच्छर का लारवा होता है, उस पानी को फैला कर नष्ट करते दें।

मलेरिया टीम से माइकिंग वाहन में शिवांग, नोसाद, विनोद यादव आदि उपस्थित रहे जिनके द्वारा वार्ड क्र.35,11 के 130 घरों के लार्वा सर्वे की कार्यवाही की गई । इसके साथ ही बताया गया कि मच्छरों की उत्पत्ति रोकने हेतु सघन लारवा सर्वे करने की आवश्यकता है यदि हम लारवा को नष्ट कर दें तो मच्छरों की उत्पत्ति पर रोक लगाई जा सकती है तथा डेंगू चिकनगुनिया से पीड़ित होने से लोगों को बचाया जा सकता है।

## घर चलो घर-घर चलो अभियान के तहत द्वार द्वार पहुंच कर सरकार की नाकामियों को बताएंगे कॉन्ग्रेस कार्यकर्ता: मान सिंह कुशवाह

### घर चलो घर घर चलो अभियान 1 फरवरी से 28 फरवरी तक रहेगा जारी।



भिण्ड। जिला कांग्रेस कार्यालय पर घर चलो घर घर चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष वह मोर्चा संगठन अध्यक्ष पार्टी के बड़े नेताओं ने सहभागिता की इसी क्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने अभियान में जोड़कर किस रूपरेखा से कार्य को तीव्र गति से करना है तथा यह कार्यक्रम 1 फरवरी से 28 फरवरी तक लगातार जारी रहेगा सभी ब्लॉक अध्यक्षों को एक प्रोफार्मा देते हुए कहा कि इस प्रोफार्मा फार्म में हर पोलिंग बूथ पर जाकर घर चलो घर.घर चलो अभियान के तहत हर घर तक पहुंचना है जिसमें गांव वार किस समाज की कितनी संख्या है वह उस गांव में वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों की जानकारी कांग्रेश के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों की जानकारी गांव में प्रबुद्ध वरिष्ठ लोगों की जानकारी मय मोबाइल नंबर के जुट आनी है जिसमें उसी गांव से संबंधित कोई चार बड़ी समस्याओं को भी उस में लिखना है वह पूर्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्र जीतने का कारण वह हारने की वजह का भी उल्लेख करना है वह मतदान केंद्र से जो मतदाता वहां रहते हैं उसकी भी जानकारी जुटानी है तथा इसी क्रम में सदस्यता अभियान व मंडल सेक्टर को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा चलाये जा रहे घर चलो घर घर चलो अभियान के अंतर्गत अब हर वर्ग समाज को जोडने का काम शुरू किया जिसमें उन्हें उनकी संख्या के हिसाब सम्मान देने की बात भी कमलनाथ जी ने कही है हर वर्ग समाज का रखा जाएगा हिसाबएइस अभियान के तहत जुडने वाले हर समाज परिवार की जानकारी सीधी कमलनाथ जी के पास रहेगीएजिसमे हर मंडलम सेक्टर बूथ तक परिवार समाज रहेंगे सम्मलित। जिसमे प्रबुद्धजनों की मय मोबाइल नम्बर की जानकारी भी मौजूद रहेगी। घर चलो घर घर चलो अभियान को मजबूत करने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिये निर्देश इनका रखे विशेष ख्याल। घर चलो घर घर चलो अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर अवश्य जाए,कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकरी कार्यक्रम में गांधी टोपी का उपयोग करे।,अभियान में नये कांग्रेस सदस्य भी बनाये एव कांग्रेस सदस्यों के घर स्टीकर चिपकाए,मंडलम सेक्टर की स्थिति मजबूत करने के लिएए मतदाता सूची वितरण करे, कांग्रेस सरकार की उपलब्धिया को आमजन तक पहुचाये, भाजपा सरकार की नकामिया एव जनविरोधी नीतियों को उजागर करे। कार्यक्रम की जानकारी के लिए प्रेस आदि विभिन्न तरीको से जागरूक करे। बैठक में प्रमुख रूप से सेवादल के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष सुभाष राठोर समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजवीर खन्ना वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार चौधरी अरविंद बघेल राजा भदोरिया चतुर सिंह नरवरिया सुरेंद्र सिंह चौहान राजेंद्र नरवरिया नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी एवरन बघेल रेखा भदोरिया ममता मिश्रा सेवादल यंग बिग्रेड की अध्यक्ष रीना चौहान राहुल कुशवाहा विवेक पचौरी विनोद पंडित अरविंद सोनी हरिनारायण शर्मा संग्राम सिंह तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने मालनपुर में औद्योगिक इकाईयों के संचालक एवं प्रतिनिधियों की ली बैठक



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग संबंधी मालनपुर इंडस्ट्रीस के संचालक एवं प्रतिनिधियों की बैठक मालनपुर विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक में एडॉप्ट एन आंगनवा?ीए एनीमिया एवं पोषण आहार सहित अन्य में इंडस्ट्रीस द्वारा अपेक्षित सहयोग संबंधी चर्चा की गई। इस दौरान एसडीएम गोहद श्री शुभम शर्माए महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अब्दुल गफ्फारए विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के संचालक एवं प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने शाप्राविण सिद्धेश्वर नगर तुकेंडा में पीएचई द्वारा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हेतु लगाए गए नलए पानी की टंकी एवं बोरवैल का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने आवष्यक दिषा निर्देष दिए। इस दौरान एसडीएम गोहद शुभम शर्माए महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अब्दुल गफ्फार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैकफुट पर कांग्रेस

**सिद्घार्थ शंकर**

उत्तर प्रदेश में चुनाव से कई महीने पहले ही कांग्रेस एक्टिव हो गई थी। हाथरस और लखीमपुर खीरी की घटनाओं में प्रियंका गांधी की लीडरशिप में कांग्रेस काफी एक्टिव दिखी थी और माना जा रहा था कि इस बार कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बेटियों के प्रति रुझान रहा हो या जनहित के मुद्दों पर आक्रामक रवैया इन सबसे लग रहा था कि इस बार कांग्रेस सत्ता तो नहीं लेकिन पुराने परिणामों को पीछे छोड़ देगी। मगर 2022 की शुरुआत कांग्रेस के लिए कुछ खास नहीं रही। पिछले साल तक एक्टिव मोड में दिख रही कांग्रेस चुनावी साल में फिर पुरानी स्थिति में चली गई है। नए साल की शुरुआत ही उसके लिए खराब रही है। जनवरी महीने में अब तक करीब 10 बड़े चेहरे कांग्रेस का साथ छोड़ चुके हैं। इनमें से एक बड़ा नाम आरपीएन सिंह का भी है, जिन्होंने बीते मंगलवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। एक तरफ पार्टी यूपी में अपनी जगह बनाने के लिए जद्दोजहद कर रही है तो वहीं इन नेताओं के एग्जिट ने उसे करारा झटका दिया है। कांग्रेस ने 2017 के विधानसभा चुनाव में 7 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन फिलहाल अराधना मिश्रा मोना और अजय कुमार लल्लू ही बचे हैं बाकि 5 अन्य विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। इस साल की शुरुआत से अब तक करीब 10 बड़े चेहरे कांग्रेस छोड़ चुके हैं। इनमें से कुछ लोगों के पास अहम जिम्मेदारी थी। जैसे आरपीएन सिंह झारखंड के प्रभारी महासचिव थे। इसके अलावा इमरान मसूद यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव थे। पार्टी छोडऩे वाले नेताओं में सुप्रिया एरोन और हैदर अली खान भी बड़े चेहरे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने इस चुनाव में खुद को चेहरे के तौर पर भी पेश किया है, लेकिन यह भी नेताओं रोकने के लिए काफी नहीं रहा है। इमरान मसूद ने पार्टी छोड़ते समय लीडरशिप के बारे में कुछ नहीं कहा, लेकिन यह जरूर कह गए कि वह फिलहाल भाजपा से लडऩे में सक्षम नहीं है। सहारनपुर में कांग्रेस के बड़े चेहरे रहे इमरान मसूद के एग्जिट से कांग्रेस ने एक तरह से जिले में अपनी साख खो दी है। इमरान मसूद के बाद बरेली की पूर्व मेयर सुप्रिया एरोन ने भी पार्टी छोड़ दी और सपा में शामिल हो गईं। सुप्रिया के साथ उनके पति प्रवीन सिंह एरोन भी सपा में शामिल हुए हैं। यहां तक कि उन्हें तो पार्टी ने टिकट भी दे दिया था, लेकिन वह मानती हैं कि भाजपा के मुकाबला सपा से लडऩे पर उनकी जीत की संभावना अधिक होगी। यही नहीं रामपुर के युवा नेता हैदर अली खान अब अपना दल में शामिल हो गए हैं। वह भी स्वार विधानसभा से टिकट मिलने के बाद पार्टी छोड़कर चले गए। यही नहीं उनके पिता और पूर्व विधायक रामपुर सीट से ही आजम खान के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। यही नहीं यूपी के पूर्व सीएम कमलापति त्रिपाठी के पोते ललितेश पति त्रिपाठी भी पार्टी छोड़ चुके हैं। वह टीएमसी का हिस्सा बने हैं। वहीं कांग्रेस की रायबरेली सीट से विधायक अदिति सिंह अब भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरी हैं। इसके अलावा सहारनपुर के ही नरेश सैनी भाजपा में चले गए हैं। मसूद अख्तर सपा में चले गए और रायबरेली की ही एक सीट से विधायक राकेश सिंह अब भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए मुसीबत खड़ी नजर आ रही है। इस तरह से लोगों का जाना शायद इस बात का संकेत है कि नेताओं को महसूस हुआ है कि आने वाले दिनों में यूपी में कांग्रेस की संभावनाएं धूमिल हैं।

# लोकतंत्र में सत्ता त्याग और सेवा का दुर्गम-पथ है

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

पश्चिमी देशों की तथाकथित आधुनिकता ने बीसवीं शताब्दी में सारे विश्व को दूर तक प्रभावित किया और समाज की शासन-व्यवस्था के लिए राजतंत्र के स्थान पर लोकतंत्र का नया विचार दिया। यद्यपि भारत सहित अनेक देशों में गणतांत्रिक व्यवस्था प्राचीन एवं मध्यकालीन राज्यों में भी सफलतापूर्वक संचालित होती रही है, महाराष्ट्र में अष्टप्रधान का व्यवस्थापन इसी जनतांत्रिक शक्ति का भिन्न स्वरूप प्रकट करता है किंतु संपूर्ण देश में निर्वाचन के माध्यम से राजनीतिक दलों की आंतरिक संरचना और संपूर्ण राष्ट्र की व्यापक व्यवस्था का नया लोकतांत्रिक स्वरूप निश्चय ही पश्चिम के आधुनिक चिंतन की देन है।

ब्रिटिश दासता का शिकार रहे विश्व के अनेक देशों ने उसके उपनिवेशवाद से मुक्ति पाने पर उसके द्वारा स्थापित लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्वरूप को अपनी परिस्थितियों पर विचार किए बिना स्वीकार कर लिया। यूरोप के ठंडे देशों के लिए उपयुक्त कंबल भारतवर्ष की गर्म जलवायु में भी आधुनिकता के नाम पर ओढ़ लिया गया और आज पसीने से तरबतर हो कर भी हमारे नेतागण उसे उतारने तथा भारतीय जनहित के अनुरूप उसे नया स्वरूप देने, परिवर्तित-परिष्कृत करने के लिए उद्यत नहीं हैं क्योंकि विगत सात दशकों से स्थापित लोकतंत्र के इसी आवरण में उन्हें अपनी राजतंत्रीय सामंतवादी दुरभिलाषाओं की पूर्ति सुरक्षित दिखाई देती है। वंशवाद, परिवारवाद और अपार भ्रष्टाचार करने के बाद भी राजनीति में सक्रिय रहना और पुनः सत्ता में आने का सपना साकार कर पाना इसी लोकतांत्रिक-व्यवस्था में संभव है, जहां विधायिका अपनी सुविधा के लिए कार्यपालिका पर दबाव बनाए रखती है और कभी-कभी न्यायपालिका का भी मनमाना उपयोग कर लेती है। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आपातकाल के अठारह महीने इस कड़वे सच के साक्षी हैं। आज का अनेक समूहों में बंटा, अशांत और परस्पर संघर्षरत भारत लोकतंत्र के खोल में पल रही सामंतवादी दूषित मानसिकता का ही दुष्परिणाम है।

लोकतंत्र निश्चय ही समाज के लिए अत्यंत उत्तम व्यवस्था है। यह राजतंत्र और सामंतवाद के अनेक दोषों से स्वतः मुक्त है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को विकास का अधिकतम अवसर देने का शुभ प्रयत्न है किंतु इस व्यवस्था का क्रियान्वयन गंभीर आत्मानुशासन की अपेक्षा करता है। यह आत्मानुशासन लोकतंत्र के दोनों घटक-- नेता और जनता-- दोनों के स्तर पर अनिवार्य है। इसके अभाव में लोकतांत्रिक-व्यवस्था किस प्रकार भ्रष्ट होकर अपना अर्थ खोने लगती है इसके भयावह साक्ष्य आज पग-पग पर दिखाई देते हैं। कहीं एक दल दूसरे दल पर बिना प्रमाण के कीचड़ उछालता रहता है तो कहीं सत्ता में बैठे लोगों के इशारे पर अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के रास्ते रोके जा रहे हैं। जन-आंदोलनों और प्रदर्शनों के नाम पर अराजकता, उद्दंडता और राष्ट्रध्वज के असम्मान का जो दुखद दृश्य पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर दिल्ली में लाल किले पर दिखाई दिया। वह अभी दूर की बात नहीं। राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली बने तथाकथित आंदोलनकारी समूहों की हिंसक उग्रता और निर्दोष-निहत्थे आंदोलनकारियों पर शासन में बैठे लोगों के इशारे पर पुलिस प्रशासन की क्रूरता-- दोनों ही लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। लोकतंत्र जनता की सेवा का स्वचयनित पथ है किंतु जब इस पथ का पथिक जनहित की व्यापक साधना छोड़कर उसे अपनी महत्वाकांक्षाओं और दुरभिलाषाओं के लिए व्यावसायिक रूप देने लगता है तब लोकतंत्र के अमृत को विष में बदलते देर नहीं लगती। दुर्भाग्य से भारतीय नेतृत्व स्वाधीनता प्राप्ति के समय से ही देशहित पर दलीय हितों और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को वरीयता देता रहा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल ने स्वयं को निरंतर सत्ता में बनाए रखने के लिए जनता को वोट बैंक में बांटने की जो कुटिल चाल चली उसने अन्य दलों को भी इतना अधिक आकर्षित किया कि आज सारा देश धर्म, जाति, वर्ग, भाषा आदि समूहों में ही नहीं अपितु राजनीतिक दलों के संकीर्ण शिविरों में भी बंट कर रह गया है। राजनीतिक दल निर्वाचन के समय निर्वाचन क्षेत्रों के धर्म-जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखकर टिकट बांटते हैं और जनता प्रत्याशी की योग्यता, क्षमता, सेवा-भावना आदि अनिवार्य विशेषताओं की अनदेखी करके जाति और धर्म को देखकर मतदान करती है। यहां तक कि प्रायः अपराधियों को भी निर्वाचित करके सत्ता में बिठा देती है। उत्तर प्रदेश के एक पूर्व मुख्यमंत्री ने तो हाल ही में संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनावों में विजयी होने पर जातिगत जनगणना कराने का वायदा तक किया है। लोकतंत्र के नाम पर विकसित इस जातितंत्र द्वारा निर्वाचित नेता भी अपने जातिगत वोट बैंक की संतुष्टि और पुष्टि को समर्पित होकर रह जाते हैं। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि का जाति अथवा वर्ग प्रतिनिधि बन कर रह जाना नितांत दुर्भाग्यपूर्ण है।

आज हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पंचवर्षीय योजनाओं की तरह सत्ता का सामाजिक अनुष्ठान बनकर रह गई है, जिसमें पाँच वर्ष तक सत्ता के साथ रहकर सत्तासुख भोगने के उपरांत व्यक्तिगत लाभ-लोभ की सिद्धि के लिए निर्वाचन से पूर्व अन्य दलों में जाने की खुली छूट नेताओं को प्राप्त है। न कोई आदर्श, न कोई सिद्धांत और न ही कोई सामाजिक उत्तरदायित्व ! जब जहाँ व्यक्तिगत लाभ दिखाई दे तब वहां फिट हो जाना और फिर नए दल के साथ सत्तासुख भोगना किसी नेता के लिए व्यक्तिगत लाभ का सौदा हो सकता है किंतु ऐसी स्वार्थी मानसिकता जनता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के हित में नहीं कही जा सकती। यदि एक दल छोड़कर दूसरे दल में आने वाले नेता के लिए और उसके परिवार के लिए आगामी दस वर्ष तक नए दल का साधारण सदस्य बनकर केवल सेवाकार्य करने की कोई अनिवार्यता नवीन संवैधानिक संशोधन द्वारा अस्तित्व में लाई जाए तो दलबदल की इस दुर्नीति से मुक्ति संभव है।

लोकतंत्र में निर्वाचित नेता संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधि होता है, होना चाहिए, किंतु हमारे अधिकांश जनप्रतिनिधि निर्वाचित होने के उपरांत अपने दल के समर्थकों और धर्म-जातिगत समूहों की सीमित स्वार्थपूर्ति के साधन बनकर रह जाते हैं। विभिन्न समूहों, जातियों और वर्गों की यह संकीर्णता जनहित की समग्रता का पथ बाधित करती है। आज राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर कितने ही राजनीतिक दलों के नेताओं की छवि उनके जाति-वर्ग से चिपक कर रह गई है। प्रश्न यह उठता है कि ये अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्त जनता के नेता हैं अथवा अपनी जाति और दल के ? यदि ये केवल अपने जाति, धर्म, क्षेत्र अथवा वर्ग विशेष के हितों के लिए ही आवाज उठाते हैं तो इनका राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तरीय राजनीति में क्या महत्व है ? देश का संविधान अनेकता में एकता का शंखनाद करता हुआ जनकल्याण की व्यापक समग्रता के लिए नेतृत्व का आवाहन करता है, उसे शपथ दिलाता है किंतु वही नेतृत्व जब अपने प्रांत के लिए विशेष दर्जा मांगने लगता है, अपनी जाति या वर्ग के लिए विशेष सुविधा-साधन प्राप्त करने के लिए अड़ जाता है तब उससे जनता के अन्य वर्गों-समूहों के कल्याण की आशा समाप्त हो जाती है, सामाजिक न्याय का स्वप्न पीछे छूट जाता है और वर्ग के हित आगे आ जाते हैं। क्या भारतीय लोकतंत्र में ऐसी वर्गीय-जातीय संकीर्णता के लिए कोई स्थान है ? यदि नहीं, तो जनता को समग्रता में न देखने वाले ऐसे नेताओं के लिए हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्थान क्यों है ? उन्हें सत्ता में आने के लिए विशेष वर्गों से लोकलुभावन वादे करने और सत्ता में बैठकर उन समूहों को विशेष सुविधाएं देने तथा निशुल्क उपहार बांटने के असीमित अधिकार क्यों है ? जब नेता संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधि है तो उस क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक वर्ग समूह को समान सुविधा और सुरक्षा प्रदान करना उसका नैतिक दायित्व है। नेतृत्व में उदारता के स्थान पर ऐसी संकीर्णता और सीमितता निश्चय ही लोकतांत्रिक मूल्यों की खुली अवमानना है। हमारे देश में सक्रिय राजनीतिक दलों में प्रारंभ से ही आंतरिक लोकतंत्र का अभाव रहा है। स्वतंत्रता से पूर्व के राजनीतिक परिदृश्य में सुभाषचंद्र बोस और सरदार बल्लभभाई पटेल के संदर्भ में कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व ने जो व्यवहार किया वह सर्वविदित है। उस समय की कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा बहुमत से लिए गए निर्णय का महात्मा गांधी द्वारा प्रभावित और परिवर्तित कर दिया जाना दल की दुर्बल लोकतांत्रिक स्थिति स्पष्ट करता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गठित अन्य दलों में भी आंतरिक लोकतंत्र की झलक तक नहीं मिलती।

## जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम खुद हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दुख देता है और न सुख। इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया।

## इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग गैरकानूनी....?

**ओमप्रकाश मेहता**

देश की सबसे बड़ी अदालत में हाल ही में एक वरिष्ठ वकील द्वारा एक याचिका दायर की गई है जिसमें माननीय न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा जो मतदान प्रक्रिया पूरी करवाई जा रही है, वह पूर्णतः गैर-कानूनी है, क्योंकि इस प्रक्रिया को संसद से कानूनी मान्यता मिली ही नही है और संसद ने इस सम्बंध में कोई कानून पारित ही नही किया है, इसलिए मांग की गई है कि चुनाव की इस प्रक्रिया पर तत्काल बंदिश लगाई जाए एवं मतपत्रों की पुरानी प्रक्रिया से ही चुनाव करवाये जाऐ, याचिका में यह भी मांग की गई है कि अगले माह जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है, उनमें भी इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के उपयोग पर बंदिश लगाई जाये। इस याचिका को देखकर स्वयं सर्वोच्च न्यायालय अचम्भित है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के उपयोग की शुरूआत से लेकर अब तक इस पर कानूनी रूप से विचार नही किया, किंतु अब यह याचिका मिलने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस मसले पर गौर करने का आश्वासन दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील एम.एल. शर्मा ने अपनी याचिका में कहा है कि जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 61ए जो इवीएम के इस्तेमाल की अनुमति देती है, को आज तक संसद ने पारित नहीं किया है, इसलिए इस कानून को लागू नहीं किया जा सकता, याचिका में जनप्रतिनिधित्व कानून के इस प्रावधान को अमान्य, अवैध और असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है, साथ ही इस प्रक्रिया के द्वारा अब तक सम्पन्न चुनावों की वैधानिकता पर भी गंभीर विचार करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन की अध्यक्षता वाली पीठ में दायर इस याचिका पर माननीय न्यायालय ने विचार की स्वीकृति प्रदान करते हुए कानूनी रूप से गंभीर चिंतन कर फैसला देने का याचिकाकर्ता को आश्वासन दिया है। अर्थात् इस याचिका को शीघ्र ही सूचीबद्ध कर उस पर विचार करने का आश्वासन दिया गया है।



यहाँ यह उल्लेखनीय है पिछले कुछ महीनों से विभिन्न राजनीतिक दलों तथा विभिन्न संगठनों द्वारा चुनावों के दौरान अपनाई जा रही मतदान प्रक्रिया पर आपत्ती दर्ज कराई जा रही है तथा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों द्वारा करवाये जा रहे मतदान को गैरकानूनी बताया है, अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मतदान प्रक्रिया पर कानूनी रूप से विस्तृत विचार करने के आश्वासन के बाद इस विवाद के भावी फैसले को लेकर कई अटकलों का दौर प्रारंभ हो गया है। सबसे अधिक चिंतित वे राजनीतिक दल है जो सत्ता में है तथा इसी मतदान प्रक्रिया के माध्यम से बहुमत पाकर अपनी सरकारें चला रहे है, इनको मुख्य चिंता यह है कि यदि सर्वोच्च न्यायालय ने इस चुनावी प्रक्रिया से विजयी उम्मीदवारों के बारे में कोई कड़ा रूख अपनाकर फैसला दे दिया तो फिर क्या होगा? क्या फिर देश की केन्द्र व मौजूदा राज्य सरकारों पर वैधानिक संकट सामने नहीं आएगी? फिर क्या पूरे देश में नए सिरे से मतपत्रों द्वारा मतदान करवाया जाएगा?

अब यह सब तो सर्वोच्च न्यायालय के रूख पर निर्भर है, किंतु यह सही है कि यदि सर्वोच्च न्यायालय इलेक्ट्रॉनिक मशीन वोटिंग को गैर कानूनी मानता है तो फिर इस प्रक्रिया से विजयी उम्मीदवारों (सांसदो-विधायकों) के भविष्य के सामने भी प्रश्नचिन्ह तो लग ही जाएगा? और फिर सर्वोच्च न्यायालय का वह फैसला अब तक के न्यायलयीन व कानूनी इतिहास का सबसे अधिक चर्चित व नया इतिहास रचने वाला फैसला होगा। ....या यह भी संभव है कि इतना बड़ा विवाद पैदा करने की अपेक्षा सुप्रीम कोर्ट भारतीय चुनाव आयोग व केन्द्र सरकार को इस चुनावी प्रक्रिया को संसद से पारित करवाकर कानून बनाने और उसे कानूनी मान्यता मिलने के बाद अगले चुनाव सम्पन्न कराने के निर्देश जारी कर दें? जो भी हो.... किंतु फिलहाल तो सुप्रीम कोर्ट को दी गई इस यचिका ने विधि-न्याय और राजनीतिक तीनों क्षेत्रों में गंभीर हलचल पैदा कर दी है, अब इस पर सुप्रीम कोर्ट के रूख पर ही सब कुछ निर्भर है, जिसकी बेसब्री से प्रतीक्षा की जा रही है।

# मौत के सौदागर: हिमाचल में जहरीली शराब से मौतों का गुनहगार कौन

### सूडोकू नवताल- 5966

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -5965 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

**नरेन्द्र भारती**

हिमाचल में जहरीली शराब से मौतों का गुनहगार कौन है।यह एक यक्ष प्रशन बन गया है। छोटी काशी मंडी के सलापड़ व कांगू में शराब माफिया ने चंद पैसों के लालच के लिए 7 लोगों की जिदंगियां लील ली हैं।मौतों का आंकड़ा बढता ही जा रहा है। सस्ती व अवैध संतरा फूल्स शराब से हुई मौंतों के इन मौत के इन सौदागरों को सरेआम चैराहे पर सजा देनी चाहिए।सात घरों के मुखिया मौत की नींद सुला दिए।चार लोगों को गिरफतार कर लिया है। अभी भी सात लोग जिदंगी की जंग लड़ रहे हैं। शराब माफिया की बजह से बच्चे अनाथ हो गए।माथे का सिंदूर मिट गया।जल्लादों पर हत्या का मूकदमा दर्ज करना चाहिए ताकि आने वाले समय में ऐसे प्रकरणों पर रोक ले सके।सात घरों में मातम छाया हुआ है।मौत का सामान बेचने वालों को आजीवन कारावास देना चाहिए ताकि तिल तिल मर सके।शहरों से लेका गांव तक यह कारोगार फैलता जा रहा है। देवभूमि में ऐसे मामलों की कल्पना भी नहीं की जा सकती पर यह खुलेआम हो रहा है। देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल आज कुख्यात बन गया है।शराब माफिया के सुत्रधारों को बेनकाब करना होगा।सस्ती शराब के चक्कर में सात लोगों की जिदंगी लेने वाले इन जल्लादों का फांसी पर लटकाना चाहिए।सरकार को इन मौतों पर संज्ञान लेना होगा। पुंलिस सक्रीय हो गई है।पुलिस ने कारवाई करते हुय 51 पेटियों को पकड़ा है। हमीरपुर के पनियाला गांव में एसआइटी ने 400 पेटी शराब पकडी है। शराब माफिया को नेस्तनाबूद करना



होगा।चंद शराब माफिया के लोगों की काली करतूतों के कारण देवभूमि की साख मिटटी में मिलती जा रही है। प्रदेश पुलिस ने नशें के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है फिर भी यह लोग बेखौफ होकर अवैध व जहरीली शराब के कारोबार को अंजाम दे रहे है।गली चोराहों में शराब का कारोबार खुलेआम हो रहा है पुलिस को छापामारी करके इन अवैध शराब का कारोबार करने वालाके पा शिंकजा कयाना होगा।शराब माफिया के मगरमच्छों पर सर्जिकल स्टाईक करनी होगी तभी यह जहरीली शराब का बढ़ता हुआ साम्राज्य तबाह करना होगा। शराब का कारोबार करने वाले अवैध फैक्टरियों पर छापामारी करनी चाहिए।छोटी-छोटी मंछलियां तो हर रोज पकडी़ जा रही है मगर मगरमच्छ हाथ नहीं आते है।मगरमच्छों को पकड़ना होगा।चरस का कारोबार करने वाले रातों-रात अमीर बननें के चक्कर में इन काले धंधों में आकर अपना भविष्य दाव पर लगा रहे हैं। शराब माफिया के बढते कदम प्रदेश की युवा पीढी की विनाश की इबारत लिख रहे है।माफिया के लोग युवाओं का जीवन तबाह कर रहे है।अवैध व नकली शराब माफिया निरकुंश होता जा रहा है इस पर अंकुश लगाना होगा।प्रदेश में प्रतिदिन बड़ी-बड़ी खेपें बरामद की जा रही है।शराब का यह कारोबार बढ़ता ही जा है।हर साल हजारों लोग पकड़े जा रहे है।शराब के मामलों में बेतहासा वृद्धि होती जा रही है।शराब माफिया के सूत्रधारों को बेनकाब करना होगा क्योकि पुलिस की पकड़ में तो छोटी-छोटी मछलियां ही आती हैं जबकि बडे मगरमच्छ तो कम ही जाल में फंसते है।हिमाचल में शराब-माफिया का चक्रव्यूह बढ़ता जा रहा है इस चक्रव्यूह को तोड़ना होगा यदि लापरवाही बरती तो चारों तरफ मौत के सौदागरों का साम्राज्य फैल जाएगा फिर पछताने के अलावा कुछ हासिल नहीं होगा। प्रदेश में हर वर्ष हजारों लीटर शराब पकड़ी जाती है जिसे पुलिस विभाग के लोग नष्ट कर देते हैं। शराब के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए ।हिमाचल पुलिस को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और शराब का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके।ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें।पुलिस को सक्रियता से इन माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन शराब माफिया का साम्राज्य खत्म किया जा सके ।अभी समय है फिर पछतानें कि सिवाय कुछ नहीं होगा।शराब माफिया का सफाया करना होगा ताकि हिमाचल की साख पर दाग न लग सके।

## रेल-छात्रों की बगावत

**वेदप्रताप वैदिक**

बिहार और उत्तरप्रदेश के छात्रों का गुस्सा इस कदर फूटा कि उन्होंने रेल के डिब्बे जला दिए, कई स्टेशनों पर तबाही मचा दी और जगह-जगह तोड़-फोड़ कर दी। उन्हें पता था कि दोनों प्रदेशों की सरकारें केंद्र-समर्थक हैं और वे उनकी मरम्मत किए बिना नहीं रहेंगी फिर भी उन्होंने पिछले दो-तीन दिन से भयंकर उत्पात मचाया हुआ है। पुलिस ने सख्त कार्रवाई भी की है। कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है और सैकड़ों छात्रों पर अब मुकदमे भी चलेंगे। ये सब क्यों हुआ? यह इसीलिए हुआ कि रेल-विभाग में निकली करीब 35 हजार नौकरियों के लिए सवा करोड़ नौजवानों ने अर्जियां लगाई थीं। उनकी परीक्षा भी हो गई और उसके परिणाम भी 14 जनवरी को सामने आ गए लेकिन उन्हें कहा गया कि अभी उन्हें एक परीक्षा और भी देनी होगी। अगर उसमें वे पास हो गए तो ही उन्हें नौकरी मिलेंगी। ये नौकरियां सादी हैं। इनमें तकनीकी विशेषज्ञता की जरुरत नहीं है। इनकी तनखा भी सिर्फ 20 हजार से 35 हजार रु. तक की है। सरकारें यह मान रही हैं कि इन लड़कों को कुछ विपक्षी नेता और सांप्रदायिक तत्व भड़का रहे हैं। यह आरोप ठीक हो सकता है लेकिन वे इसीलिए भड़क रहे हैं कि उनके साथ ज्यादती हो रही है। आप ही बताइए कि सिर्फ 35 हजार नौकरियों के लिए एक करोड़ लोगों का अर्जी देना, किस बात का सूचक है? भारत में चपरासी की दर्जन भर नौकरियों के लिए हजारों अर्जियों के जमा हो जाने का अर्थ आप क्या निकालते हैं? ये तो भारत है, जहां नेता और नौकरशाह गुलछर्रे उड़ाते रहते हैं और पढ़े-लिखे नौजवानों को भूखे पेट सोना पड़ता है। यदि यही हाल यूरोप और अमेरिका में हो तो वहां तो पता नहीं क्या हो जाए? भारत की शिक्षा-व्यवस्था इतनी चौपट है कि डिगरियां हथियाने के बावजूद छात्रों को कोई रोजगार नहीं मिलता। मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों को इस कोरोना-काल में जैसे अभावों का सामना करना पड़ रहा है, उसने उनके आक्रोश को दुगुना कर दिया है। बिहार और उत्तरप्रदेश के नौजवानों की हालत तो बहुत ही दयनीय है। उनमें से मुश्किल से 25 प्रतिशत नौजवानों को ही रोजगार मिला हुआ है। लगभग 75 प्रतिशत नौजवान बेकारी और भुखमरी के शिकार हैं। ये बेरोजगार लोग हिंसा और तोड़-फोड़ करें, यह तो ठीक नहीं है लेकिन क्या खाली दिमाग अपने आप शैतान का घर नहीं बन जाता है? प्रादेशिक चुनावों के मौसम में छात्रों की यह बगावत किसी भी सरकार का दम फुलाने के लिए काफी है। रेल मंत्रालय ने एक जांच कमेटी बिठा दी है।

# शक्कर कारखाने चलाने किसान कम्पनी हेतु दस करोड पूंजी का संकल्प



**कैलारस।** शक्कर कारखाना कैलारस दस वर्ष से बंद है, सरकार ने इसे पीपी मोड में चलाने का निर्णय लिया था,परन्तु अभी कारखाने की मशीनरी बेचने का टेन्डर आ गया है, जिससे शासन द्वारा पीपी मोड में मिल चलाये जाने की सम्भावना समाप्त हो गई है।

कारखाने पूर्व महा प्रबंधक एम डी पाराशर ने क्षेत्रीय कृषको व व्यापारियों से आव्हान किया कि किसान कम्पनी बनाकर कारखाना चलाने का प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत करे और नीलामी को निरस्त करायें। इस प्रस्ताव पर कृषक व भाजपा नेता रामलाल धाकड, रामलखन धाकड, राजेन्द्र शुक्ला, नागेश शर्मा आदि ने 26 जनवरी को क्षेत्र के प्रमुख किसानों व कृषक नेताओं व निवेशकों की बैठक कान्हा गार्डन कैलारस में आयोजित की गई। बैठक में बनबारी शुक्ला अध्यक्ष मार्केटिंगसोसाइटी, जनपद अध्यक्ष राम अवतार त्यागी, गिर्राज त्यागी, हरिराम धाकड सिंगाचौली, हरीशंकर मुदगल, राघवेन्द्र शर्मा, मुंशीराम शर्मा एवं कैलारस के व्यापारी निवेशक शंकर लाल सिंघल अध्यक्ष अग्रवाल महासभा कैलारस, सुभाष गुप्ता फड़ वाले, संतोषी लाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, राम कुमार मित्तल-अरुण कुमार अन्नू सिग्नल एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष केशव पाराशर, प्रदीप शर्मा जापथाप, भाजपा मंडल मंत्री मनदीप गौर, एडवोकेट कमल शुक्ला, कृषक एवं पूर्व सरपंच गंगाराम धाकड़, कृषक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश राठौर, पूर्व सरपंच राजवीर गुर्जर, बल्लू शुक्ला सरपंच एवं कृषक नैपरी, कृषक बनवारी शुक्ला एवं त्यागी समाज के कई बड़े कृषक सहित लगभग 30 गांवो के लगभग 100 किसान व निवेशक उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता नगर वरिष्ठ सेठ चिरोंजी लाल सिंहल ने की व मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में एम डी पाराशर मौजूद रहे। इस अवसर पर जौरा तहसील के भू स्वामी कृषक व आयुर्वेदिक कालेज के सेवानिवृत्त डीन डाक्टर सी पी शर्मा भी उपस्थित थे। बैठक में कारखाने पर देनदारियो चलाने हेतु संसाधन सम्भावित वित्तीय परिणाम बंद होने के कारण आवश्यक गन्ने की मात्रा पूंजी आदि विषय पर उपस्थित किसानों व निवेशकों द्वारा जानकरी चाही गई व प्रश्न किये गये, जिनका श्री पाराशर ने समाधान किया। कैलाश मित्तल, बनबारी शुक्ला, मातादीन सरार्फ द्वारा किसान कम्पनी के माध्यम डेयरी वेयर हाउसिंग व अन्य कृषि आधारित व लाभकारी व्यवसायो की सम्भावना भी बताई गई। अंत मे प्रथमतः न्यूनतम 20 करोड रूपये की पूंजी व पांच हजार हैक्टेयर में गन्ना उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया। जिसमें मौके पर ही 10 करोड रूपये देने का संकल्प निवेशकों द्वारा व्यक्त किया। किसानों द्वारा भी गांव-गांव जाकर कृषकों से नामजद संकल्प कराने का संकल्प लिया तथा एक हजार हेक्टेयर हेतु उपस्थित किसानों व नेताओं ने मौके पर ही संकल्प व्यक्त किया। लक्ष्य पूर्ति हेतु गन्ना उत्पादन के लिए एक समिति का गठन किया गया तथा एक समिति वित्त प्रबन्धन के लिए बनाई गई।

## जन शिक्षण संस्थान में गणतंत्र दिवस पर हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम

**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के प्रशिक्षण प्रदाता जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 2022 को कार्यालय परिसर पर आयोजित कार्यक्रम प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण से शुरू हुआ। ध्वजारोहण पश्चात् राष्ट्रगान गाया गया एवं तत्पश्चात् माँ सरस्तवती वंदना एवं सरस्वती पूजन किया गया। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा निदेशक संजय राजौरिया का स्वागत किया गया । मुख्य अथिति ने उपस्थित लोगों को देश की स्वतंत्रता के लिये किये गये प्रयास और उसके पश्चात् देश के संचालन के लिये बनाये गये संविधान की महत्ता बताते हुये कहा गया कि संविधान यदि हमें कुछ मौलिक अधिकार देता है तो हमारे देश या समाज के प्रति कुछ मौलिक कर्तव्य भी है जिनका हमें पालन करना चाहिये एवं राष्ट्र सर्वोपरि है तथा हमारे देश या अन्य किसी भी देश में राष्ट्रीय भावना, देशभक्ति सर्वोपरि होना चाहिए। देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे हमारा नारा होना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम समाज के लिये पिछड़े व मुख्य धारा से पिछड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़कर भी राष्ट्र सेवा में भागीदारी कर सकते हैं। जन शिक्षण संस्थान भी इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहा है। मेरा आप सभी से यही आवाह्न है कि आप स्वयं व अन्य लोगों को कौशल विकास व अन्य समाज व राष्ट्र सेवा के लिये प्रेरित कर राष्ट्र सेवा में भागीदार बनें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक भारतीय को अपने संविधान की पढ़ना चाहिए जिसके अंतर्गत 395 अनुच्छेद जो कि 22 भागों में समाहित है का ज्ञान होना चाहिए।



## पूर्व विधायक की सदस्यता बहाल करने जिला अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** अखिल भारतीय युवा पाल बघेल महासभा ब्लॉक अध्यक्ष बानमोर रामाधार सिंह बघेल के नेतृत्व में समाज के लोगों ने सेवड़ा जिला दतिया के पूर्व विधायक राधेलाल बघेल को पार्टी में वापस लिए जाने की मांग की और कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें अनुशासनहीनता का आरोप लगा कर निष्कासित किया है, यह आरोप असत्य एवं मनगढ़ंत है तथा पूर्व विधायक राधेलाल द्वारा कोई अनुशासन भंग नहीं किया गया है। इसकी पुनः जांच कराई जाए तथा पार्टी की सदस्यता बहाल की जाए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के नाम समाज के लोगों ने जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने वालों में विनोद, सरदार सिंह, विष्णु सिंह, संजय सिंह, करतार सिंह, लाखन सिंह, राज बघेल, मनीष पाल, धर्मवीर, अजय, रवि पाल, हरपाल, अनूप, धीरज आदि प्रमुख थे।

## करणी सेना, क्षत्रिय महासभा व बजरंग दल ने शर्मा दंपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च



**कैलारस।** शैंकी सिकरवार की आत्महत्या करने के बाद दोषियों को सजा दिलाने करणी सेना, क्षत्रिय महासभा व बजरंग दल ने कैलारस अलोपी शंकर पहाड़ी के नीचे राम जानकी मंदिर से पुरानी सब्जी मंडी चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला। विदित हो कि सेवानिवृत्त डीएसपी महेंद्र कुमार शर्मा व उनकी पत्नी की प्रताड़ना से शैंकी सिकरवार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी दंपत्ति की गिरफ्तारी व कार्रवाई की मांग को लेकर राजपूत समाज के युवाओं ने आक्रोशित लोगों ने गुरुवार को राम जानकी मंदिर से कैंडल मार्च निकाला यह कैंडल मार्च पुरानी सब्जी मंडी चौराहा पर जाकर संपन्न हुआ।

## गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट अधिकारी व कर्मचारियों को एसडीएम ने किया सम्मानित


**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में पदस्थ बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार को डीजी लेप असिस्टेंट में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने, नवीन प्रताप सिंह जादौन बीएसी को शैक्षिक नवाचार, बीएसी फखरुद्दीन खान को उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य मॉनिटरिंग, बीएसी केशव शुक्ला को सीएम हेल्पलाइन का निराकरण समय सीमा में करने, बीएसी रमाकांत शर्मा को रोको-टोको अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर, सीएसी राजेंद्र शुक्ला राजेश धाकड़ जिले में प्रथम नवाचार आने पर, भूप सिंह धाकड़ उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर्स व दामोदर कुशवाहा प्राथमिक शिक्षक शैक्षणिक गुणवत्ता के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व एलके पांडेय एसडीएम सबलगढ़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार, बीएसी नवीन प्रताप सिंह जादौन, बीएसी फखरुद्दीन खान, बीएसी केशव शुक्ला, बीएसी रमाकांत शर्मा, हाकिम सिंह धाकड़, शिवचरण धाकड, योगेश शर्मा, जितेंद्र धाकड़, बृजमोहन उपाध्याय, राकेश शर्मा, छविराम धाकड़, श्रीराम धाकड़, शिव कुमार वर्मा, महावीर शर्मा, राहुल शर्मा, जाहर सिंह धाकड़ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को कोविड-19 में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर बीएमओ डॉ एस आर मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के लिए शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए सहयोग के लिए सभी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।



## मां मंशादेवी प्रागंण में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा आरम्भ



**मुरैना।** प्रसिद्ध संत कथा वाचक प्रेम मुर्ति संत श्री विकास कृष्ण द्विवेदी जी महाराज बृंदावन(मथुरा उप्र) के मुखार विंद से शुक्रवार से स्थानीय पंचायती धर्मशाला स्थित मां मंशा देवी मन्दिर के विशाल प्रागंण में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारम्भ हुई। श्री दाऊजी महिला मण्डल के सोजन्य से प्रारम्भ होने वाली नौ दिवसिय श्रीराम कथा के प्रवक्ता दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि श्रीराम कथा प्रतिदिन नौ दिन तक दोपहर 12 बजे से आरम्भ होकर सॉयकाल चार बजे तक चलेगी। शुक्रवार को प्रथम दिवस पर सर्राफा बाजार स्थित भगवान श्री बांके बिहारी जी महाराज के मन्दिर से सुबह 10 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल मां मंशा देवी के प्रागंण पंचायती धर्मशाला पर संपन्न हुई। दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि नौ दिन पश्चात कथा पूर्ण होने पर 6 फरवरी रविवार को सुबह 9 बजे पूर्ण आहुति होगी और 12 बजे प्रभु इच्छा तक प्रसादी का वितरण किया जायेगा। चरण सेवक श्री दाऊजी महिला मण्डल एवं सम्पर्क सूत्र ब्रम्हचारी सिकरवार एवं बन्टी वर्मा (मामा) ने मुरैना जिले की समस्त धार्मिक श्रद्धालू जनता से निवेदन करते हुये अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिदिन पधारकर होने वाली प्रभु श्रीराम कथा का श्रवण कर लाभ उठावें।



## पूर्व डीएसपी व पत्नी ममता पर 10-10 हजार का ईनाम घोषित



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सेलटैक्स बैरियर पर विगत दिनों पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले यतेंद्र सिंह सिकरवार के मामले में उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पूर्व डीएसपी एवं उसकी पत्नी पर 10 -10 हजार का इनाम घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने धारा 306, 388 के मामले में फरार चल रहे पूर्व डीएसपी महेंद्र शर्मा एवं उनकी पत्नी ममता पर 10 -10 हजार का इनाम घोषित किया है तथा सूचना एवं गिरफ्तार करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। गौरतलब है कि ममता शर्मा ने अपने पति पूर्व डीएसपी के पद का फायदा उठाते हुए तमाम लोगों को अपनी गिरफ्त में लिया और यतेंद्र सिंह सिकरवार शैंकी पुत्र रामनरेश सिंह सिकरवार को ब्लैकमेल कर रही थी, यही नहीं ममता शर्मा द्वारा उस पर ब्लैकमेलिंग का केस भी ग्वालियर के एक थाने में दर्ज करा दिया गया था, जिसके बाद यतेंद्र सिंह तनाव में आ गया और बदनामी के डर से उसने पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में क्षत्रिय महासभा द्वारा लगातार शासन-प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा था और इसी के चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा पति-पत्नी के विरुद्ध मामला दर्ज कराते हुए उन पर इनाम घोषित किया है।

### क्षत्रिय महासभा ने तुरंत गिरफ्तार करने की रखी मांग

इनाम घोषित होते ही क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में समाज के तमाम लोगों ने शुक्रवार को बैठक कर पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि फरारी एवं इनामी डीएसपी एवं उसकी पत्नी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, अन्यथा समाज के लोग उग्र आंदोलन करेंगे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से क्षेत्रवासियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी स्वर्गीय प्राची



**अम्बाह।** ऐसे बहुत कम लोग इस दुनिया में है जिनके स्नेह ने अपनी बेटी के इस दुनियां से चले जाने के बाद भी बेटी की याद को आमजन के दिलों में जिंदा रखने की अथाह कोशिश की और कामयाबी भी प्राप्त की। ऐसा ही एक उदाहरण अम्बाह की सरजमीं का है, जहाँ दस वर्ष पूर्व स्वर्गीय प्राची तोमर के पिता कविंद्र सिंह तोमर ने अपनी बेटी के असमय निधन के उपरांत यह सोचा कि वह किस तरह प्राची की स्मृति अंचल के लोगों एवं परिजनों के ह्रदय में जिंदा रख सकते हैं, तब उन्होंने एक अच्छा निर्णय लेते हुए प्रति वर्ष स्वर्गीय प्राची की याद में इलाके की प्रतिभावान बेटियों को सम्मानित करने की पवित्र भावना बनाई। यही वजह है कि लगातार 10 वर्ष से एक पिता की सोच ने उसकी बेटी को इलाके के लोगों के दिलो में जिंदा रखा है। यह बात स्वर्गीय प्राची तोमर प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान आमजन को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया ने कही। तहसील परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नयापुरा गांव के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी जूली उप्रेती, कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ब्राइट कैरियर एकेडमी की छात्रा कृतिका एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने वाली पीजी कॉलेज की छात्रा श्रेया तोमर को एसडीएम राजीव समाधिया, प्राची के पिता भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कविंद्र सिंह तोमर एवं एसडीओपी अशोक सिंह जादौन ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। ज्ञात रहे कि नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कविंद्र सिंह तोमर की एक मात्र प्रतिभावान बेटी कक्षा नौवीं की छात्रा कुमारी प्राची तोमर का 10 वर्ष पूर्व नगर के एक निजी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान करंट लगने से आकस्मिक निधन हो गया था। बेटी का इस तरह से अचानक छोड़कर चले जाना एक पिता के लिए किसी सदमे से कम नहीं था जिसके बाद उन्होंने अपनी बेटी की याद को स्थाई बनाने के लिए अंचल की प्रतिभावान बेटियों को प्रतिवर्ष सम्मानित करने की योजना बनाई, जिसके चलते यह कार्यक्रम प्रशासनिक स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित होता है। इस समारोह में कक्षा 12वीं, 10वीं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को नगद राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर कविंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बेटी की याद को स्थाई बनाने के लिए उन्होंने यह पुरस्कार वितरण प्रारंभ किया था। वह चाहते हैं कि अंचल के सभी परिवार अपनी बेटियों को बेटे के समान समझें और उनके प्रति शिक्षा के लिए समानता का व्यवहार करें, जिससे बेटियां चंबल अंचल का नाम गौरवान्वित कर सके।

# जन आक्रोश रैली में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

## जिले में कानून व्यवस्था को देखते हुए अपराधियों में भय नहीं है


**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली।।** भारतीय जनता पार्टी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय पाली में जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार के नेतृत्व मे किया गया पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा के पिचावां ग्राम में 10 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार एवं हत्या तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह राजपुरोहित पर जानलेवा हमला करने समेत जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध की घटनाओं को लेकर धरना प्रदर्शन हुआ ।जिला प्रवक्ता तिलोकराम चौधरी ने बताया कि विगत 3 वर्षों में राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत की सरकार है तब से राजस्थान में अपराधियों के हौसले बुलंद होने हुए है। राजस्थान वासियों को सुबह हत्या बलात्कार लूट जैसी घटना आए दिन होती रहती है ।अलवर के मुख बधिर बालिका के साथ एक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया प्रदेश सरकार ने राजस्थान को कलंकित किया है। प्रदेश की कीर्ति को कलंकित करने वाली शर्मनाक घटना है। रोजाना घट रही है इससे पहले भी जयपुर में रोटी मांग रही गरीब दलित महिला के साथ गैंगरेप जयपुर और राजसमंद में महिलाओं के पैर काटकर गहने निकाल कर उन्हें मार देना जैसी घटना लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह राजपुरोहित के साथ मारपीट करने वाले अपराधियों को अगर गिरफ्तार नहीं किया गया तो आने वाले समय में बहुत बड़ा आंदोलन होगा । पिचावा जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन को अपराधियों पर नकेल कसनी चाहिए जिले की कानून व्यवस्था तो पिछले 3 साल में सबसे खराब बताया ।सांसद पीपी चौधरी ने कहां की पाली लोकसभा क्षेत्र में लगातार घटनाएं बढ़ रही है। राजस्थान मैं रोजाना 15 मामले रैप के सामने आ रहे हैं। यह दर्शाता है कि राज्य की बहन बेटियां बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। अनुसूचित



जाति महिलाए खिलाफ अपराधियों में राजस्थान देश के तीसरे अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध में दूसरे स्थान पर है। साइबरक्राइम में भी लगातार वृद्धि हुई है तथा उन्होंने पिचावा कि घटना को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया तथा इसके संबंध में सभी दोषी व्यक्तियों को जल्दी सजा देने की मांग की। बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि ऐसा समय आ गया है कि घर में भी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं रही इस तरह की स्थिति हमारे प्रदेश में होगी हमारे पाली जैसे जिले में होगी इसकी कल्पना भी हमने कभी नहीं की थी सरकार पूरी तरीके से फेल हो चुकी है। तथा कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची पाली विधायक ज्ञानचंद पारख ने कहा कि प्रदेश सरकार के कारण कानून व्यवस्था खराब है। ऊनहोने सरकार को दोषी माना कि प्रदेश की कानून व्यवस्था प्रदेश सरकार के कारण बिगड़ी हुई है। क्योंकि सरकार अपने अंदर आपसी झगड़े को लेकर समय खराब कर रही है है कानून व्यवस्था पर सरकार का ध्यान ही नहीं है ।सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने भी संबोधित करते हुए जिले में हुई घटना तथा सुमेरपुर विधानसभा में भी इस तरह की घटना पर चिंता व्यक्त की है । इस मौके पर।शोभा चौहान पूर्व विधायक केसाराम चौधरी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र बोहरा पूर्व प्रधान श्रवणबंजारा जिला महामंत्री मोहन जाट सुनील भंडारी जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिवेदी लक्ष्मी सीरवी बसंती कवर सुमित्रा राजपुरोहित नवरत्न चौधरी जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी भाजपा वरिष्ठ नेता नाहर सिंह जोधा जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह टेवाली ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार चौधरी किसान नेता भंवर चौधरी पाली प्रधान पतिनिधी पुखराज पटेल भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोहर कवर नगर परिषद सभापति रेखाराकेश भाटी सोजत नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जुगल निकुंभ निखिल व्यास आईटी सेल जिला संयोजक मुकेश नाबरिया ऐसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री गणपत मेघवाल अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कोहिनूर मुन्ना मकरानी जयवर्धन राकावत नैना व्यास राधेश्याम चौहान मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा नरपत दवे जगदीश सिंह खुडावास गणेश पटेल मुकेश नाहर चैन सिंह राजपुरोहित हुकम सिंह खरोकड़ा प्रताप सिंह रोहट सहित जिले भर के मंडल अध्यक्ष जनप्रतिनिधि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद कर्नाटक इकाई द्वारा



**पुष्पाजंली टुडे**

**कर्नाटक** ः-भारतीय गणतंत्र दिवस पर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय काव्य गोष्ठी 26 जनवरी को आयोजित किया गया, कार्यक्रम शाम 7ः00 बजे से रात 9ः30 बजे तक चलता रहा। प्रा. मनीषा नाडगौडा जी की सुमधुर प्रार्थना से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार परीट जी ने सभी अतिथियों का एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति प्रस्तुत किया। महाराष्ट्र के डॉ धन्यकुमार बिराजदार जिनी प्रास्ताविक रूप से गणतंत्र दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. जैन संघवी पृथ्वीराज मेहता जी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने शायराना अंदाज में अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस को नित्य निरंतर अपने ह्रदय मंदिर में स्मरण करना चाहिए। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि एवं भारत के श्रेष्ठ साहित्यकारों ने देशभक्ति पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। लंदन से इंदु बारौठ, नेपाल से जयप्रकाश अग्रवाल काठमांडू, ऑस्ट्रेलिया से नेहा शर्मा, अमेरिका से डॉ. शशि गुप्ता, मॉरीशस से डॉ. सुरुति रघुनंदन, और भारत से सुशील सरित, आगरा, डॉ. धन्यकुमार बिराजदार, महाराष्ट्र, ज्ञानचंद मर्मज्ञ, बेंगलुरू कर्नाटक, प्रो. शरद नारायण खरे मध्य प्रदेश, डॉ. अ. कीर्तिवर्धन मुजफ्फरनगर उ.प्र., डॉ.भारत भूषण वर्मा, करनाल हरियाणा, संजय जैन मुंबई। सभी प्रतिभागी कवियों की रचनाएं इतनी अद्भुत थी कि सभी श्रोता गण अंत तक मंत्रमुग्ध होकर कार्यक्रम को सुनते रहे देखते रहे।अध्यक्षीय उद्बोधन में ह्दयनारायण मिश्रा, राष्ट्रीय चेयरमैन एवं अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद जी ने कहा कि भारत को आजादी और भारत का संविधान प्राप्त होने में बहुत सारी बलिदानी देनी पड़ी है। और इस बलिदानी में हिंदी भाषा भी एक है। पर अब स्थिति बदल गई है अब हिंदी एक मातृभाषा न रहकर एक राष्ट्रभाषा न रहकर एक अंतरराष्ट्रीय भाषा बन गई है। डॉ सुनील कुमार परीट, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद जी ने सभी प्रतिभागियों को गणतंत्र भारत सेवी सम्मान 2022 डिजिटल सम्मान पत्र से सम्मानित किया। और कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुंदर एवं सुचारू रूप से डॉ वसुधा कामत जी ने किया। डॉ मलकप्पा अलियास महेश कर्नाटक प्रदेश उपाध्यक्ष जी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## दबंगो ने घर मैं घुस कर की मारपीट ,नही हो रही कार्यवाही

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के एस पी ऑफिस से है जहाँ पर बारोदी के यादव समाज के समस्त ग्राम वासियो ने एस पी ऑफिस मैं आकर आवेदन दिया ओर बताया की यादव समाज के लोग कृषि कार्य कर अपना व अपने परिवार का जीवनयान करते है। यह कि हम प्रार्थीयान से बड़े गाँव से आरोपी प्रभुदयाल शर्मा, बृजेन्द्र शर्मा, सोनू शर्मा, संकल्प शर्मा व इनके अन्य साथी पूर्व की कहा सुनी को लेकर दिनांक 20.01.2022 को रात्रि के समय 2ः30 बजे ट्रेक्टर से आये ओर एकाएक उक्त लोगों ने और उनके साथियों ने एकाएक घरो के दरवाजों को धार-धार हथियारों से तोड़ने का प्रयास किया तो हम बाहर निकले हम लोगों को अपहरण कर ले जाने लगे जब ज़ हमने बचने का प्रयास किया तो हमारे साथ बुरी तरह मारपीट की व जानलेवा हमला किया और घर के अंदर रखे सामान की तोडफोड कर दी जिसमें हम सभी लोग घायल हो गये। यह कि उक्त घटना की रिपोर्ट पुलिस कोतवाली शिवपुरी प्रकरण कायम किया गया है लेकिन उक्त प्रकरण में अपहरण, घर पर आकर घार-धार हथियारों से हमला करने एवं लूटने का प्रयास करने की धाराऐं उक्त प्रकरण में धाराऐं बडवाये जाना एवं हमारी जानमाल की रक्षा किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय



शिवपुरी में नक्टूराम यादव इलाजरत उनका तीन जगह से हाथ फैक्चर होकर मौत से जूज रहे है ।

यह कि आरोपीगण खुलेआम घुम रहे है और हमको संरक्षण देने वाले लोगों को जान से मारने व गाँव से वेदखल करने की दे रहे है. जिससे हम प्रार्थीयान को जानमाल का खतरा पैदा हो गया है ये लोग हमारे साथ कभी भी कोई घटना घटित कर सकते हैं या करवा सकते है या झूठे प्रकरण में फसा सकते है और हमारे साथ भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उक्त लोगों को जिम्मेदार समझा जावें।

एफ.आई.आर में धाराऐं बडवाने जाने एवं हमारी एवं ग्रामवासियों व हमारी सहयोगियों कि जानमाल की रक्षा की जाए इस लिए आज पुलिस कप्तान जी आवेदन दिया जिससे जल्द से जल्द कार्यवाही की जा सके

## तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु



### बड़ी संख्या में प्रवासियों ने निभाई भागीदारी

**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली रानी।** बीजोवा गांव में इन दिनों जैन समाज की ओर से धार्मिक आयोजनों की धूम है। बीजोवा श्वेताम्बर विसा ओसवाल जैन संघ के तत्वावधान में शांति सुरीश्वर गुरु मंदिर दादावाड़ी का जीर्णोद्धार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को सम्पन्न हुआ। प्रवासी मंगूबाई अगर चंद कांकरिया कांचीपुरम -बीजोवा परिवार की ओर से आचार्य जिनोत्तम सुरीश्वर मसा, आचार्य विजय रत्न चंद्र सूरीश्वर, आचार्य देवचंद्र सागर सूरीश्वर, पन्यास दिव्य चंद्र सागर, पन्यास उदयरत्न विजय व साध्वी वृंद के सान्निध्य में विभिन्न अनुष्ठान किए गए। संघवी घेवरचंद अगरचंद कांकरिया परिवार ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के उपलक्ष में तेजराज, मोतीलाल, घेवरचंद ,सोहनलाल, महावीर चंद, जगदीश, अमृतलाल,? धनराज,अरविंद,अमृतलाल, दिलीप कुमार कांकरिया का बहुमान किया किया। विधिकार एवं संगीतकार विरलभाई, धीरजकुमार चेतनराज, किसनलाल सुथार,ऑल कल्याण मंडप ओवनर एसोशिएशन तमिलनाडु के कांचीपूरम जिला अध्यक्ष एल किशोरकुमार, पार्श्र्व गौशाला अध्यक्ष भंवर पुनमिया सहित कईजैन संघ पदाधिकारी, प्रवासी समाजसेवी, श्रावक श्राविकाओं ने महोत्सव में भाग लिया।

# दिव्यांग जन कल्याण संघ भानेगांव में ध्वजारोहण

### महावीर इंटरनेशनल लांजी ने दिव्यांग बच्चो को किया कंबल वितरण -विशाल राउत खोंगल

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**लांजीः-** आज दिनांक 26 जनवरी 2022 दिन बुधवार 73 वा गणतंत्र दिवस पर को दिव्यांग विकलांग जन कल्याण संघ भानेगांव के कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं महापुरुषों को नमन किया गया इस कार्यक्रम में श्रीमती प्रमिला बाई देवीचरण ठाकरे पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानेगांव एवं श्री विशाल राउत खोंगल जी डिप्टी डायरेक्टर और चेयरमैन लांजी महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया अवसर पर श्री राम ठाकरे जी सरपंच एवं दिव्यांगजन कल्याण विकलांग संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा, सचिव रूपेश कूथे जी, डूलेद्र किसान, दिनेश आठौड़, रूपेश कुथे, वीरेंद्र ठाकरे ,विशाल कुथे ,जितेंद्र रावते ,कृष्ण कुमार मिश्रा ,पूरनलाल मेश्राम, हेमू प्रसाद दुबे ,चरण ठाकरे ,डोमा जी ठाकरे ,राधेश्याम नखाते, रमेश बेद्रे ,अनिल ठाकरे ,रविंद्र पारधी ,श्री मिसारे जी, राजा भूते, जागेश्वर रावते ,पुनाराम रावते ,शिवचरण रावते, दिनेश रावते ,उग्रसेन ठाकरे , कुवर किसान ,प्रमिला बाई पारधी ,सुनील पांडे ,सरिता ठाकरे, पुष्पा टोनरे ,पलक अनिल ,भिवराबाई ठाकरे ,लताबाई ठाकरे, एवं महावीर इंटरनेशनल के सदस्य अरशद खान ,राजा भूते ,रविंद्र पारधी,जगन्नाथ दादू नाकतोड़े , मिसारे जी सभी लोग उपस्थित थे



इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष विशाल राउत खोंगल ने कहा दिव्यांग जनों के साथ मिलकर वह हमेशा काम करेंगे और हमारी टीम महावीर इंटरनेशनल लांजी के सभी सदस्य उनके साथ हमेशा तत्पर कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे जब भी जो भी आवश्यकता पड़ेगी और हम मिलजुल कर उस कार्य को संपन्न करेंगे जहां तक संस्था के माध्यम से जो सहयोग हमें प्राप्त होगा हम आपके साथ मिलकर उसे साझा कर के आप को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रखेंगे ताकि आप आत्मनिर्भर और सफल बने हमारी यही मनसा है और संस्था का सूत्र वाक्य की सबकी सेवा सबको प्यार जियो और जीने दो की भावना के साथ हम सदैव आपके साथ रहेंगे हमेशा खड़े रहेंगे एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी की ओर से सभी विकलांग बच्चों को सप्रेम भेंट कंबल का वितरण किया गया और जो भी आवश्यक सामग्री शिक्षा को लेकर हमें प्राप्त होगी हम सभी विकलांग बच्चों को वितरित करेंगे ताकि वह अपने पथ पर आगे की ओर बढ़ते रहे। महावीर इंटरनेशनल द्वारा सभी जरूरतमंद लोगों को वनांचल क्षेत्रों में आदिवासी भाइयों को जंगलों में कम्बल एवं स्वेटर टोपी का वितरण किया गया इसी क्रम में भानेगांव में दिव्यांग जन कल्याण संघ के सदस्य इन्हें भी कंबल एवं सर्दियों के टोपे जिन्हें आंगनबाड़ियों में ग्राम घोटी घुसमारा में आंगनवाड़ी में एवं बोलेगांव में ऐसे नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी टोपों का वितरण किया गया संस्था के माध्यम से इन सर्दियों के मौसम में ज्यादा से ज्यादा सामग्री जरूरतमंद बच्चों तक एवं लोगों तक पहुंचाने का प्रयास महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा किया गया और हमारे प्रयास सतत रहेगा।

# जिला स्तरीय आनंद उत्सव 2022 का हुआ भव्य कार्यक्रम

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला स्तरीय आनंद उत्सव कार्यक्रम शासकीय राजीव गांधी खेल स्टेडियम एमजेएस में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय जिलाधीश डॉ सतीश कुमार एस उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं आनंदम नोडल अधिकारी आदरणीय प्रवीण कुमार फुल पुकारे ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ ए के जैन एवं डिप्टी कमांडेंट 17 बटालियन एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र भारती एवं तहसीलदार श्रीमती ममता एबं जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदोरिया जीएवं वरिष्ठ समाजसेवी दानवीर दीक्षित जी एवं एम जे एस महाविद्यालय से प्रभात तिवारी एवं प्रोफेसर आर ए शर्मा एबं प्रोफेसर रविकांत जी एवं समाजसेवी सभी मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे एवं इस पूरे प्रोग्राम को माइक संचालन कर रहे धीरज सिंह गुर्जर, एवं इस पूरे जिले के आयोजन को कोऑर्डिनेट कर रहेआनंद विभाग के जिला समन्वयक एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की जिला खेल प्रशिक्षक संजय पंकज के द्वारा सभी अतिथियों का बेच लगाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सब का सम्मान किया गया इसी कड़ी में आगे सरस्वती वंदना सरस्वती ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत की गई इसके बाद वेलकम सोंग छात्राओं के द्वारा इसके बाद मध्य प्रदेश गान इसी प्रकार से कार्यक्रम दिन भर चला और आनंद को ने खूब आनंद का लुफ्त उठाया इसमें नृत्य, भजन,और भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल गतिविधियां चलती रही एडीएम प्रवीणजी नोडल अधिकारी आनंदम ने आयोजन की पूरी प्रूफ रीडिंग कर बताया कि यह आयोजन 14 जनवरी से लेकर 28 जनवरी तक विभिन्न विभिन्न ग्राम पंचायतों में चला इसमें टोटल 141 क्लस्टर जिले के अंदर बनाए गए थे जिसमें 141 कलेक्टरों में यह आयोजन बराबर चलते रहे उन्हें आयोजनों से निखर कर हमारे बीच ग्रामीण अंचल से महिलाएं पुरुष एवं युवा साथी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं यह प्रतियोगिता कबड्डी, रस्साकशी, लंगडी दौड़ ,बोरा दौड़, खो-खो, लंबी कूद ,ऊंची कूद ,चेयर रेस ,नींबू रेस, बुरा रेस, पिट्ठू,सितोलिया, सहित कई गेम आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पुरुष और महिलाएं को खेलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही उन्होंने खेलों को जीवन का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि खेल को प्रतियोगिता नहीं समझे बल्कि खेल का आनंद उठाएं हमें हर चीज से आनंद ढूंढना चाहिए हमारा जीवन हम सभी का जीवन चार्ट 70 से 80 वर्ष तक है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारे जीवन में आनंद में जीवन जीने की हम सभी लोग अपना जीवन आनंद से जिये इस आयोजन के पश्चात सभी उपस्थित अतिथियों को मोमेंटो आनंदम विभाग के जिला समन्वयक संजय पंकज के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं श्री जिलाधीश महोदय के द्वारा सभीभाग लेने वाले प्रतिभागियों पुरुष और महिलाओं सभी को प्रमाण पत्र एवं शील्ड और मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया गयाउनका उत्साह बढ़ाते खुशहाल जीवन जीने का संदेश दिया और इस कार्यक्रम के वॉलिंटियर्स के रूप में कार्य कर रहे सभी सहयोगी यों को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर उनका भी हौसला अफजाई किया गया जिसमें आयोजन को सफल करने में इनकी पूरी भूमिका रही प्रमोद गुप्ता जी, राजा मदारिया, बादशाह सिंह गुर्जर ,विष्णु त्रिपाठी, नीरज बघेल, अनिल रवि धाकड़, राहुल राजपूत अनिल माजी एवं सभी समस्त वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सब का मनोबल बढ़ाया गया इस कार्यक्रम का आभार व्यक्त आनंद विभाग के जिला समन्वयक संजय पंकज के द्वारा किया गया।



## गढ़वाल समाज ने फहराया तिरंगा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

26 जनवरी को 73 वां गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव से लेकर देश तक सभी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया इसी तारतम्य में गढ़वाल समाज के द्वारा झंडा फहरा कर गणतंत्र पर्व मनाया गया। विदित हो कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष श्री तरुण बनवारी की पहल पर गढ़वाल मंडल क्षेत्र वारासिवनी में प्रथम बार सामाजिक स्तर पर गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम महाराजपुर में सर्किल कोषाध्यक्ष चंद्रेश सिलाहे के निज निवास पर समाज के बंधुओं द्वारा एकत्रित होकर झंडा वंदन किया गया। वयोवृद्ध स्वजातीय बंधु रावनलाल नागवंशी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर जी,महात्मा गांधी जी,नेहरू जी के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर सामूहिक राष्ट्रगान किया। कार्यक्रम के दौरान अपने प्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष श्री तरुण बनवारी जी ने सबके सहयोग से समाज हित में कार्य करने एवं समाज के उत्थान में अपना सर्वस्व योगदान देने की बात कही गयी। कार्यक्रम के अंत में मंडल के कोषाध्यक्ष चंद्रेश सिलाहे द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष तरुण बनवारी,उपाध्यक्ष मदन मोहन नागेश्वर ,सचिव महेश सीहोर,कोषाध्यक्ष चंद्रेश सिलाहे ,वरिष्ठ संरक्षक राजू नागेश्वर ,ग्राम अध्यक्ष विनोद नागवंशी एवं मंडल के समस्त स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।




# शिवपुरी जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं: सांसद डॉ यादव

### पर्यटन विकास की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व प्राकृतिक ऐसे सभी प्रकार के दर्शनीय स्थल हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमें पर्यटन विकास की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। यह बात सांसद डॉ.के पी यादव ने बैठक में कही। उन्होंने बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से पर्यटन विकास को लेकर सुझाव भी लिए।सांसद डॉ के पी यादव की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उन्होंने जिले के अधिकारियों को दिशानिर्देश भी दिए हैं। साथ ही शिवपुरी जिले में पर्यटन को विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिवपुरी में पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य के बारे में जानकारी दी। जिस पर सांसद डॉ के पी यादव ने कहा कि, इस दिशा में पूरी प्लानिंग के साथ काम किया जाए। अभी जिले में जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं और क्या-क्या मांग हैं, आदि के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में सांसद यादव ने नरवर किले पर रोप-वे चालू करवाने संबंधी चर्चा की तथा इस संबंध में जो भी समस्याएं आ रही हैं उनकी जानकारी सांसद यादव ने चाही और उसे हल करने की बात कही। माधव राष्ट्रीय उद्यान में टाइगर सफारी को लेकर की जा रही गतिविधि पर चर्चा की। सांसद डॉ केपी यादव ने स्वातंर्त्य सेनानी अमर शहीद वीर तात्या टोपे स्मारक के विकास संबंधी प्रोजेक्ट की जानकारी मांगी व अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहीद स्मारक से संबंधित कार्यों को शीघ्र निपटाया जाए। साथ ही टूरिस्ट विलेज विकसित किए जाने को लेकर भी चर्चा की एवं वहां पर सुगम एप्रोच रोड डलवाए जाने के निर्देश दिए।



खनियाधाना में पंडरियानाथ एवं सीतापाठा को टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित किए जाने के निर्देश भी सांसद यादव ने दिए।

शिवपुरी जिले में स्थित भीमबेठिका की तर्ज पर कलाकृति से आच्छादित चुड़ैलछज्जा को टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित किये जाने को लेकर भी चर्चा हुई। टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर के संबंध में चर्चा की। यह भी कहा है कि वन डे सर्किट के तहत हम किन-किन पर्यटक स्थलों को दिखा सकते हैं उन्हें चिन्हित करें। इसके अलावा शिवपुरी जिले से लगे क्षेत्र, जहां से टूरिस्ट आने की संभावना है वहाँ प्रचार प्रसार किया जाए। इसके लिए क्षेत्र के सभी रेलवे स्टेशन, हाईवे और प्रमुख मार्गों पर होर्डिंग बैनर के माध्यम से पर्यटक स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी दें तथा तीनों जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी सभी पर्यटन स्थानों पर भी रहे जिसे पर्यटकों जानकारी रहे। पर्यटन के विकास से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे, इसलिए इस दिशा में बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, डीएफओ मीना मिश्रा, सहायक संचालक माधव नेशनल पार्क अनिल सोनी, मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष एवं डीएटीसीसी के सदस्य श्री अरविंद तोमर, श्री मनोज माहेश्वरी, अशोक मोहिते, एमपी टूरिज्म मैनेजर सहित अन्य संबंधित प्रतिनिधि शामिल हुए।

### शिवपुरी महोत्सव के लिए करें तैयारी

सांसद डॉ.के पी यादव ने कहा कि शिवपुरी महोत्सव के लिए रूपरेखा तैयार करें और शिवपुरी महोत्सव के माध्यम से शिवपुरी के पर्यटन को प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए प्लानिंग करें। मेरे स्तर से इसमें पूरा सहयोग किया जाएगा।



## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सेमरी सचिव को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** शिवपुरी जिले के अनुविभाग पिछोर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमरी के सचिव अजब सिंह लोधी को कलेक्टर शिवपुरी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर वैक्सीनेशन अभियान अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया स्वास्थ्य खराब होने के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके इस कारण प्रशस्ति प्रमाण पत्र पिछोर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ग्रहण किया गया आज अनुविभागीय अधिकारी पिछोर द्वारा अपने कार्यालय में सचिव को बुलाकर प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया इस अवसर पर सचिन अजब सिंह लोधी ने बताया कि मेरी सेवा अवधि के 16 वर्षों में मिलने वाला यह अट्ठारह प्रशस्ति प्रमाण पत्र है इस प्रकार के सम्मान एक कारण ही मुझ में और बेहतर कार्य करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है सचिव ने जिला कलेक्टर सहित अनुभाग अधिकारी पिछोर का प्रशस्ति प्रमाण पत्र देने के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी इसी प्रकार उल्लेखनीय कार्य करके सम्मान पाने की बात कही है

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण हितग्राहियों को मिला नवीन आवास का स्वीकृति पत्र





### आवास निर्माण के लिए प्रथम किश्त राशि का वितरण

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत शुक्रवार को पन्ना जिले के 12 हजार 424 नवीन हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। योजना में प्रथम किश्त भी हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित की गई। जिला मुख्यालय सहित जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि और हितग्राही उपस्थित रहे। इस अवसर पर भोपाल में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम का उपस्थिजनों ने लाइव प्रसारण भी देखा। मुख्यमंत्री ने जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी हितग्राहियों को बधाई दी। जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज सिंह यादव, कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र, जिला पंचायत सीईओ श्री बालागुरू के., एसीईओ श्री अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार की मौजूदगी में 20 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि जनपद पंचायत स्तर पर 100 और ग्राम पंचायत स्तर पर 67 हजार 716 हितग्राही कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों की संख्या क्रमशः 13 और 1 हजार 153 रही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के अंत तक सबको बुनियादी सुविधायुक्त पक्के मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस योजना की शुरूआत 1 अप्रैल 2016 से की गई थी।

# जैन समाज संगठित होकर भाजपा की ताकत को अपने अपने बूथ केंद्रों पर मजबूत करें : आभा जैन

### भाजपा ने जैन समाज के साथ-साथ सर्व समाज को दिया सम्मान : रविसेन जैन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया नेपार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की सहमति से जैन समाज के विभिन्न संगठनों से समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रही श्रीमती आभा जैन को भाजपा महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भिंड शहर के धानमंत्री धर्मशाला मैं आभार सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया । साथ ही नवनियुक्त मोर्चा की जिला अध्यक्ष का महिलाओं एवं पुरुषों एवं पारसनाथ युवा मंडल के अध्यक्ष सोनू जैन ने शाल और श्रीफल तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जैन समाज द्वारा आभार सभा में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी केसदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेन जैन ने कहा





कि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज का राजनीतिक दल है जिसने जैन समाज का हमेशा सम्मान करते हुए उच्च पदों पर सम्मानित करने का कार्य किया है सत्ता हो या संगठन मैं जैन समाज से युवाओं महिलाओं और पुरुषों को एक समान दर्जा देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए नेतृत्व प्रदान किया आभा जैन ने भी समाज के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी तथा महिला मोर्चा के रूप में काम किया है 7 आज उन्हें जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए हिंदी तत्व दिया है हम समस्त जैन समाज उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर भिंड जिले में भारतीय जनता पार्टी के स्वागत को मजबूत करते हुए आगे बढ़ाएं भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आभा जैन ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरी नहीं मेरे भिंड जिले की समस्त जैन समाज के साथ-साथ सर्व समाज की बहनों की है उन्हीं के जन सहयोग से मैं अपने महत्वपूर्ण जिला अध्यक्ष के दायित्व को आगे बढ़ाने में प्रदेश नेतृत्व के सामने खरा उतरने का प्रयास करूंगी यह सम्मान मेरा नहीं मेरी समस्त बहनों का सम्मान है । उन्होंने कहा कि आप समस्त देने भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक संगठन से जुड़कर पार्टी की ताकत को अपने बूथ केंद्रों पर मजबूत करें ताकि आगामी दिनों में हम विधानसभा लोकसभा और नगरीय निकाय के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का परचम फहराने में हमारी मातृ शक्ति अपनी अहम भूमिका के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें द्य

श्रीमती जैन जैन समाज के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को विश्वास दिलाते हुए कहा जिले में महिला मोर्चा के संगठन को अमलीजामा पहनाकर समाज की बहनों के लिए एक विशेष रूप से सदस्यता अभियान भी चलाए जाने के लिए प्रदेश एवं नेतृत्व जिला आग्रह करूंगी की पार्टी की प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता के साथ जोड़कर भाजपा को मजबूत कराने में सक्षम साबित हों ।

कार्यक्रम में मंचासीन विशेष सरला जैन सीमा जैन शालिनी जैन नारी शक्ति के साथ समाज के वरिष्ठ जनों राजेंद्र जैन बिल्लू श्रीमान धर्मेंद्र जैन पोस्ट ऑफिस अशोक जैन महामाया अशोक जैन कक्का सामाजिक संगठन संस्थाओं के साथ महिला मंडल ने अपनी अपनी तरफ से शुभकामनाएं बधाइयां प्रेषित की एवं कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने अपने विचार के माध्यम से समाज में एकता अखंडता कैसे बनी रहे 7 नवनिर्मित श्रीमती आभा जैन आप संघर्ष करें हम आपके साथ हैं के जयघोष के साथ हम सब एक हैं नारों के साथ सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किए जिसमें प्रमुख संस्थाओं में गुरु सेवा युवा संगठन श्री भारतवर्षीय दिगंबर महासभा ब्लैक कमांडो ग्रुप जैन मित्र मंडल राजनीति चेतना मंच जैन मिलन अरिहंत एवं महिला मंडलों में गुरु सेवा महिला मंडल गुरु सेवा बालिका मंडल पारसनाथ संस्कृति महिला मंडल चंदा प्रभु महिला मंडल जैन मिलन अंजना ग्रुप श्री विराग विशुद्ध महिला मंडल किला गेट नवजीवन संगठन यह संस्था प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, अंत में कार्यक्रम आभार व्यक्त रविंद्र जैन ने किया ।

## 1 करोड़ की भूमि को तहसीलदार रवीश भदौरिया ने कराया अतिक्रमित मुक्त



**महेंद्र शर्मा , रिपोर्टर ग्वालियर संभाग , पुष्पांजली टुडे गोहद**

**मौ ।** शासन प्रशासन की मंशा के अनुसार जिले भर में भू - माफियाओं के विरुद्ध स्वतंत्र रूप से कार्रवाई जारी है । यहां बता दें कि पूरे प्रदेश में भू माफियाओं ने जबरन शासकीय भूमि पर कब्जा जमा रखा है । शासन के हर शहर गांव में गोचर भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है छोटे नगर कस्बों में भी इन भूमियों पर दबंग भू - माफिया लोगों ने कब्जा कर रखा है । इनसे भूमिका निराकरण करने के लिए श्रीमान कलेक्टर सतीश जी ने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेशित किया कि जिले में जितनी भी शासकीय भूमि कब्जा किए हुए भू - माफियाओं से मुक्त करवाई जाए इसी आदेश के पालन में मौ तहसीलदार रवीश भदोरिया ने कार्रवाई जारी करते हुए विभिन्न स्थलों में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है जिसका सर्वे नंबर 2743(1) रकवा, 1.467 से 0.500 है। इस भूमि पर सरसों की फसल बोकर, उम्मेद सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने कब्जा कर रखा था, जिसकी कीमत लगभग 40 से 50 लाख के बीच है। एवम सेवड़ा रोड पर स्थित एक होटल शासकीय भूमि पर बना हुआ था। जिसकी जगह 5 विश्वा एवम कीमत लगभग 55 से 60 लाख है। उक्त दोनों जमीन पर तहसीलदार मौ रवीश भदौरिया, नगर परिषद टीम और पुलिस द्वारा हितेची मशीन से होटल को तोड़कर एवम सरसो वाली जगह को मशीन चलाकर सफाई कर अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है।





## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को दिए बधाई पत्र, हितग्राहियों ने भी किया धन्यवाद

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों का पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को राशि वितरण की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा 3.50 लाख हितग्राहियों के नवीन आवासों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 3 लाख 50 हजार हितग्राहियों को स्वीकृत नवीन आवासों के लिये उनके खाते में प्रथम किश्त की 875 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गयी।राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण सभी जिलों में किया गया। यहां शिवपुरी के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम में हितग्राही शामिल हुए और मुख्यमंत्री को सुना। यहां शिवपुरी एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को बधाई पत्र दिए गये। लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़, पूर्व विधायक व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री जसवंत जाटव, पूर्व विधायक व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त श्री प्रहलाद भारती, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उमराव मरावी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेंद्र जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री मुन्नालाल कुशवाह, श्री हरवीर रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही एन आई सी कक्षा में उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को बधाई पत्र दिए गए। हितग्राहियों ने भी बधाई पत्र मिलने पर धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से उनके पक्के घर का सपना पूरा हुआ है। कार्यक्रम के दौरान इन हितग्राहियों को दिए गए बधाई पत्र एनआईसी वीडियों कॉन्फेसिंग कक्ष में आवास पूर्ण होने पर बधाई पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में नोहरीकलां निवासी पंचम आदिवासी, भागीरथ आदिवासी, नरेन्द्र आदिवासी, संता आदिवासी, कमर सिंह आदिवासी, शिवसिंह आदिवासी एवं सिंहनिवास निवासी सुमरन वंजारा शामिल है। जिले में लगभग 25 हजार 780 हितग्राहियों को मिले बधाई पत्र शिवपुरी जिले में 587 ग्राम पंचायतों के लगभग 25 हजार 780 हितग्राहियों को उनके आवास पूर्ण होने पर बधाई पत्रों का वितरण किया गया। जिसमें तहसील शिवपुरी के 2 हजार 52 हितग्राही, पोहरी के 3 हजार 156 हितग्राही, कोलारस के 3 हजार 943 हितग्राही, बदरवास के 4 हजार 305 हितग्राही, नरवर के 2 हजार 162 हितग्राही, करैरा के 528 हितग्राही एवं पिछोर तहसील के 6 हजार 181 हितग्राही शामिल है।

# घर चलो घर-घर चलो अभियान के तहत द्वार द्वार पहुंच कर सरकार की नाकामियों को बताएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता: मान सिंह कुशवाहा

### घर चलो घर घर चलो अभियान 1 फरवरी से 28 फरवरी तक रहेगा जारी।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर घर चलो घर घर चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष वह मोर्चा संगठन अध्यक्ष पार्टी के बड़े नेताओं ने सहभागिता की इसी क्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने अभियान में जोड़कर किस रूपरेखा से कार्य को तीव्र गति से करना है तथा यह कार्यक्रम 1 फरवरी से 28 फरवरी तक लगातार जारी रहेगा सभी ब्लॉक अध्यक्षों को एक प्रोफार्मा देते हुए कहा कि इस प्रोफार्मा फार्म में हर पोलिंग बूथ पर जाकर घर चलो घर-घर चलो अभियान के तहत हर घर तक पहुंचना है जिसमें गांव वार किस समाज की कितनी संख्या है वह उस गांव में वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों की



जानकारी कांग्रेश के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों की जानकारी गांव में प्रबुद्ध वरिष्ठ लोगों की जानकारी मय मोबाइल नंबर के जुटानी है।जिसमें उसी गांव से संबंधित कोई चार बड़ी समस्याओं को भी उस में लिखना है वह पूर्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्र जीतने का कारण वह हारने की वजह का भी उल्लेख करना है वह मतदान केंद्र से जो मतदाता वहां रहते हैं उसकी भी जानकारी जुटानी है तथा इसी क्रम में सदस्यता अभियान व मंडल सेक्टर को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

### घर चलो घर घर चलो अभियान के माध्यम से समाजवार परिवारों को जोड़ेगी कांग्रेस।

मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा चलाये जा रहे घर चलो घर घर चलो अभियान के अंतर्गत अब हर वर्ग समाज को जोड़ने का काम शुरू किया जिसमें उन्हें उनकी संख्या के हिसाब सम्मान देने की बात भी कमलनाथ ने कही है ,हर वर्ग समाज का रखा जाएगा हिसाब,इस अभियान के तहत जुड़ने वाले हर समाज परिवार की जानकारी सीधी कमलनाथ जी के पास रहेगी,जिसमे हर मंडलम सेक्टर बूथ तक परिवार समाज रहेंगे सम्मलित। जिसमे प्रबुद्धजनों की मय मोबाइल नम्बर की जानकारी भी मौजूद रहेगी।

### घर चलो घर घर चलो अभियान में इन बिंदुओं का रखे विशेष ख्याल।

घर चलो घर घर चलो अभियान को मजबूत करने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिये निर्देश इनका रखे विशेष ख्याल।

1.घर चलो घर घर चलो अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर अवश्य जाए 2.कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकरी कार्यक्रम में गांधी टोपी का उपयोग करे।3.अभियान में नये कांग्रेस सदस्य भी बनाये एव कांग्रेस सदस्यों के घर स्टीकर चिपकाए।4.मंडलम सेक्टर की स्थिति मजबूत करने के लिए, मतदाता सूची वितरण करे 5.कांग्रेस सरकार की उपलब्धिया को आमजन तक पहुचाये 6.भाजपा सरकार की नकामिया एव जनविरोधी नीतियों को उजागर करे।7.कार्यक्रम की जानकारी के लिए प्रेस आदि विभिन्न तरीको से जागरूक करे। बैठक में प्रमुख रूप से सेवादल के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष सुभाष राठोर ,समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजवीर खन्ना, वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार चौधरी ,अरविंद बघेल, राजा भदोरिया चतुर सिंह नरवरिया, सुरेंद्र सिंह चौहान राजेंद्र नरवरिया नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,एवरन बघेल श्रीमती रेखा भदोरिया,श्रीमती ममता मिश्रा, महिला सेवादल अध्यक्ष श्रीमती रीना चौहान ,राहुल कुशवाह, विवेक पचौरी, विनोद पंडित अरविंद सोनी, हरिनारायण शर्मा ,संग्राम सिंह तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रस्सा-कस्सी, चेयर व चम्मच रेस के साथ युवाओं ने लगाई फर्राटा दौड़









## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में मुरार जनपद पंचायत क्षेत्र में हुआ 'आनंद उत्सव' का आयोजन

ग्वालियर। एक ओर रस्सा-कस्सी तो दूसरी ओर चम्मच रेस और एक तरफ फर्राटा दौ? तो दूसरी ओर चेयररेस करती महिलाएँ। इन सबके बीच करतल ध्वनि और हँसी-ठहाकों के साथ अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते ग्रामीणजन । मौका था उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए मुरार जनपद पंचायत के ÷आनंद उत्सव÷ का । जिसमें आधुनिक खेलों के साथ-साथ पारंपरिक खेलों में युवाओं ने अपने करतब दिखाए।

इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि लोगों में सकारात्मकता लाने और खुशी का संचार करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा आनंद विभाग का गठन कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। श्री कुशवाह ने प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

शुक्रवार को यहाँ विक्रांत कॉलेज के मैदान में आयोजित हुए मुरार जनपद पंचायत के आनंद उत्सव में रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में रतवई ग्राम पंचायत के युवाओं की टीम विजेता रही। इसी तरह कबड्डी में उटीला की टीम ने बंधा को पराजित किया तो क्रिकेट प्रतियोगिता में रतवई गांव की टीम ने रनगवां को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

आनंद उत्सव के तहत आयोजित हुई 100 मीटर रेस में ग्राम सौसा के निवासी श्री आकाश यादव विजयी रहे। चम्मच रेस प्रतियोगिता में ग्राम फूलपुरा निवासी कक्षा-6 के विद्यार्थी उदयवीर पहले स्थान पर रहे। चेयररेस में श्रीमती नीतू भार्गव ने पहला स्थान हासिल किया।

## गंदगी फैलाने वाले से वसूला जुर्माना, उसी से कराई सफाई



ग्वालियर। नगर निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों, डब्ल्यूएचओ एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा नियमित भ्रमण कर क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा स्वच्छता में सहयोग की अपील की जा रही हैं। इसके बाद भी जो नागरिक नहीं मान रहे हैं, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नियमित रुप से स्वच्छता की मॉनीटरिंग की जा रही हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन सभी वार्ड मॉनीटरों द्वारा अपने अपने वार्ड में स्वच्छता का निरीक्षण व जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के साथ ही बार-बार समझाइश के बाद भी गंदगी फैलाने व गीला व सूखा कचरा अलग अलग नहीं देने वाले नागरिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी के तहत वार्ड 59 में गंदगी करने वालों पर जुर्माना रुपए 4000 का वसूला गया तथा गंदगी करने वालों से रोड पर सफाई भी कराई गई। इसके साथ ही अन्य वार्डों में गंदगी फेलाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गईं।

## कांग्रेस 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर नमन करेगीः डॉ देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने आज बताया कि शांति और अंहिसा के पुजारी भारत की आजादी के आंदोलन के प्रेरणास्त्रोत राष्टपिता महात्मा गांधी जी की 74वीं पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे फूलबाग स्थित गांधी जी की प्रतिमा स्थल पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नमन किया जायेगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि राष्टपिता महात्मां गांधी जी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे फूलबाग स्थित राष्टपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर सीधे पहुंचेगे, जहां पर रामधुन के साथ बापू के संदेशो को याद किया जायेगा, तदपष्चात बापू के चरणो में नमन करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जायेगा। इस अवसर पर विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, शहर जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयुआई, विभाग प्रकोष्ठ, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याषी सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

## प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूर्ण करने पर सात लोगों को मुख्यमंत्री का बधाई पत्र

**एक हितग्राही को आवास की स्वीकृति का पत्र प्रदान किया गया**

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 3 लाख 50 हजार हितग्राहियों को स्वीकृत नवीन आवासों के लिये उनके खाते में प्रथम किश्त की 875 करो? रूपए की राशि सिंगल क्लिक से स्थानांतरित की। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से भी सीधा संवाद किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में एनआईसी कक्ष से किया गया। ग्वालियर के एनआईसी कक्ष में भी 7 लोगों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री की ओर से बधाई पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही एक हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति का पत्र भी प्रदान किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी सहित विभागीय अधिकारी और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

## भाजपा में संगठन ही सर्वोपरि हैः माया सिंह

**बूथ को सशक्त एवं मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है- माखीजानी**



ग्वालियर। पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह बूथ विस्तारक योजना के तहत ग्वालियर विधानसभा के वार्ड क्रमांक-17 पोलिंग क्रमांक-297, स्टेट बैंक चैराहे के पास कॉलोनी नंबर.2 पर पहुंची। इस दौरान पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित दल है। हमारे यहां संगठन ही सर्वोपरि है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी की पहचान उसके उत्कृष्ट संगठन के रूप में होती है। हमारा संगठन बूथ स्तर तक फैला हुआ है। बूथ विस्तारक योजना बूथ को सशक्त करने और संगठन को मजबूत करने की योजना है। जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी बूथ विस्तारक योजना के तहत ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के विवेकानंद मंडल के वार्ड क्रमांक 46, पोलिंग क्रमांक 172 पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सहसंगठन प्रभारी श्री अरूण चतुर्वेदी, विनोद शर्मा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि बूथ को सशक्त एवं मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संगठन के द्वारा बूथ विस्तारक योजना के तहत किये जा रहे कार्यक्रम से संगठन विस्तार के साथ-साथ हमारे कार्यों में निरंतर गति आएगी।

## अधिकारी निरंतर करें स्वच्छता की मॉनिटरिंग, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए सभी जोनल अधिकारी, वार्ड मॉनीटर, सफाई दरोगा गंभीरता से कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 2 फरवरी 2022 से संभागीय आयुक्त और मैं स्वयं क्षेत्रों में भ्रमण पर निकलेंगे, अगर किसी भी क्षेत्र में गंदगी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी। इसलिये सभी संबंधित अधिकारी सुबह क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें । इसके साथ ही फरवरी माह में ''स्वच्छता संकल्प माह'' के रूप में आयोजित किया जाए। उक्ताशय के निर्देश निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिये। बैठक में अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बालभवन के सभागार में बैठक लेते हुए निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि फरवरी माह ''स्वच्छता संकल्प माह'' के रूप में मनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक दिन स्वच्छता से संबंतिध अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर को इस बार स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाना है इसके लिए सभी को टीम भावना से कार्य करना होगा। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करें कि वह शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रतिदिन स्वच्छता के लिये कार्य करेगें।

उन्होंने कहा कि सभी एएचओ अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सभी कचरा ठिया दो दिन में समाप्त करें। हमारे भ्रमण के दौरान एक भी कचरा ठिया नहीं मिलना चाहिए।

## सबका साथ सबका विकास के भाव के साथ काम कर रही हैं दोनों सरकारें : श्री कुशवाह

ग्वालियर। सबका साथ ङ्क सबका विकास की भावना के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार विकास कार्यों को मूर्तरूप दे रहीं हैं। यही वजह है कि शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह मुरार जनपद पंचायत के ग्राम टिहौली में विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री कुशवाह ने नल-जल योजना सहित लगभग 2 करो? 4 लाख रूपए लागत के आधा दर्जन विकास कार्यों का इस अवसर पर भूमिपूजन व लोकार्पण किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कहा कि टिहौली में लगभग 178 लाख रूपए की लागत से नल-जल योजना का काम होगा। योजना के तहत उच्च स्तरीय टंकी के निर्माण सहित लगभग 83 मीटर लम्बाई में पाइप लाईन बिछाई जायेगी, जिससे टिहौली के सभी 373 परिवारों के घरों में नल की टोंटी से पानी पहुँचेगा। श्री कुशवाह ने नल-जल योजना के अलावा 8 लाख रूपए लागत के प्रतीक्षालय भवन का भूमिपूजन लगभग 4 लाख 58 हजार रूपए लागत की चौपाल व लगभग 10 लाख रूपए की लागत से बनने जा रही दो पक्की नालियों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने जानकारी दी कि टिहौली ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना की सूची में 180 नए नाम शामिल किए गए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

ग्वालियर 28 जनवरी 2022/ मौजूदा वर्ष के दौरान जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए स्थानीय अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में गणेश चतुर्थी बुधवार 31 अगस्त, महानवमी (दशहरा) मंगलवार 4 अक्टूबर एवं भाईदूज (दीपावली) मंगलवार 27 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। स्थानीय अवकाशों से संबंधित यह आदेश बैंक, कोषालय व उप कोषालयों पर लागू नहीं होगा।

## श्री मुन्नालाल गोयल ने 58 लाख की लागत के निर्माण कार्यों एवं शताब्दीपुरम में 24 लाख की लागत से स्वीकृत नवीन पुलिस चौकी निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



ग्वालियर। मध्यप्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने शुक्रवार को वार्ड - 18 शताब्दी पुरम में 24 लाख की लागत से पुलिस चैकी निर्माण का भूमिपूजन, वार्ड क्रं. 60 के अंतर्गत सिंधिया नगर में 18 लाख की लागत से सी.सी रोड, एवं वार्ड- 59 महादजी नगर में 16 लाख की लागत से सी.सी रोड कार्य का शुभारंभ म.प्र. बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल द्वारा किया गया । इन विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान वार्ड - 18 में पुलिस चैकी का भूमिपूजन करते हुए श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि कुछ दल केवल विकास कार्यों में अवरोध पैदा करने की राजनीति करते है । जबकि वर्तमान सरकार शहर के विकास के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। जिसका उदाहरण मुरार नदी के लिये नमामि गंगे प्रोजेक्ट से 40 करोड़ की राशि आबंटित हो चुकी है । डी डी नगर की 50 हजार की आबादी के लिए बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस क्षेत्र में लंबे समय से जनता द्वारा पुलिस चौकी निर्माण की मांग की जा रही थी जो कि आज सरकार ने पूरी कर दी है । विकास कार्यों को लेकर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण एवं क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित थे । स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत चलाए जा रहे स्वच्छ ग्वालियर मिशन के लिए नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान, होटल ,रेस्टोरेंट, संस्थाएं स्कूल स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी मापदंडों को पूर्ण करें और स्वच्छ ग्वालियर मिशन में अपनी सहभागिता करें। सभी संस्थानों की विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता रैंकिंग की जा रही है। स्वच्छ प्रतिष्ठान एवं संस्थानों का सम्मान किया जाएगा। चर्चा के दौरान संस्थान संचालकों द्वारा भी अपने सुझाव दिए गए।

## फ्रंटलाइन वर्करों के लये स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण शिविर आयोजित

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार ग्वालियर एवं ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में फ्रंटलाइन वर्करों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित किया गया।स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना की रोकथाम के लिये निगम के जिन कर्मचारियों ने दूसरा डोज नहीं लगवाया था तथा जिनका प्रिकोशन डोज लगना है उनके लिये टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिये ग्वालियर व ग्वालियर पूर्व विधानक्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालयों पर टीकाकरण व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त फ्रंटलाइन वर्कर्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर मैं मुख्य रूप से स्वच्छता निरीक्षक श्री हरिकेश बाबा, वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री दलवीर मौर्य, वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री धर्मेंद्र धीरज, सहायक वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री विक्रम, श्री अजय, श्री विनोद आदि उपस्थित रहे। फ्रंटलाइन वर्करों ने इस शिविर में ब? च?कर हिस्सा लिया।इसके साथ ही 29 जनवरी 2022 को ग्वालियर दक्षिण व ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा में प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर व टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोरोनारोधी दूसरा डोज व प्रिकोशन डोज लगाया जाएगा।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478